हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

RENAULT TRIBER TCe

WARRANTY 3 YEARS WARRANTY

100PS

RE-019-LT

शुरुआती कीमत

₹7.84 L*

625L बूट स्पेस*

7 सीटर फ़ैमिली कार

21 kmpl फ़्यूल एफ़िशिएंसी

*the price mentioned above is the ex-showroom price for the Evolution Turbo variant, and may vary depending on the model/variant and features in the car. all Renault vehicles now come with standard warranty of 3 years or 100 000 km, whichever comes first. #625 litres boot space with 5-seater configuration and 3rd row seats removed. *21kmpl fuel efficiency as certified by Test Agency Under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. the features mentioned in this advertisement may vary depending on the model/variant and features in the car. corporate / PSU / defence personnel/ government employee / professional benefits applicable on each model are basis eligibility of the customer and based on submission of required proof by the customer. the final price valid will be the one on the date of purchase. for detailed terms and conditions, please visit www.renault.co.in

Renault recommends Castrol

renault.co.in

SHOWROOMS: CHHATTISGARH: RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.

'भारत ने सस्ती दवाएं, टैलेंट दिया दुनिया को, बदले में क्रेडिट-रॉयल्टी भी नहीं ली'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में आयोजित ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम को संबोधित करते हुए बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम को संबोधित करते हुए सस्ती दवाओं, भारतीय टैलेंट, वैक्सीन सप्लाई और टेक्नोलॉजी में भारत की भूमिका पर बात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दुनिया को जब सस्ती दवाओं और प्रतिभाशाली युवाओं की जरूरत होती है, तो भारत अहम भूमिका निभाता है, उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी उपलब्धियों का श्रेय लेने या उनके बदले रॉयल्टी मांगने के बजाय अपनी क्षमता को दुनिया के साथ साझा करने पर जोर दिया है । पीएम मोदी नई दिल्ली में आयोजित ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम को संबोधित कर रहे थे। यह फोरम पहली बार भारत में आयोजित हो रहा है। 13 से 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में दुनिया के कई देशों के नेता कारोबारी, निवेशक और टेक्नोलॉजी से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं । इस साल की थीम बदलती दुनिया में ताकत के नए स्रोत तय करने पर केंद्रित है।

वैक्सीन से लेकर डिजिटल टेक्नोलॉजी तक का जिक्र

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कोरोना महामारी के दौरान भारत की वैक्सीन सप्लाई का भी उल्लेख किया। भारत ने 100 से ज्यादा देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराई । इसके साथ ही उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म और सीधे बैंक खातों में सरकारी सहायता पहुंचाने की व्यवस्था को भी भारत की क्षमता का उदाहरण बताया। मोदी ने कहा कि भारत अपनी टेक्नोलॉजी और अनुभव को केवल देश तक सीमित नहीं रखता, बल्कि दूसरे देशों के साथ भी साझा करता है उन्होंने कोविन प्लेटफॉर्म और डिजिटल कनेक्टिविटी का जिक्र करते हुए कहा, कि टेक्नोलॉजी का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचना चाहिए ।

'भारत ने जीरो के लिए भी नहीं मांगी रॉयल्टी'

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भारत को सस्ती दवाओं और टैलेंट के लिए भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने शून्य जैसी गणितीय अवधारणा के लिए भी कभी रॉयल्टी नहीं मांगी। उनके मुताबिक भारत आज भी इसी सोच के साथ काम करता है कि उसकी क्षमता का फायदा दूसरे देशों और लोगों तक पहुंचे । मोदी ने कहा कि जब दुनिया को किसी संकट से निकलने के लिए भरोसेमंद सहयोग की जरूरत होती है, तब भारत अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए आगे आता है उन्होंने यह भी कहा कि ताकत का उद्देश्य केवल अपने हितों को आगे बढ़ाना नहीं, बल्कि दूसरों के लिए अवसर तैयार करना भी होना चाहिए ।



एआई और सप्लाई चेन में भरोसे की अहमियत

प्रधानमंत्री ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सप्लाई चेन, ऊर्जा, खनिज, भुगतान और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा और दबाव का हिस्सा बन रहे हैं, इसी बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हर सेक्टर में काम करने के तरीकों को बदल रहा है । उन्होंने कहा कि ऐसे समय में देशों के बीच भरोसा बेहद जरूरी है। दुनिया को यह विश्वास चाहिए कि जरूरत पड़ने पर सामान की सप्लाई जारी रहेगी, किए गए वादे पूरे होंगे और संकट के समय साझेदार देश साथ खड़े होंगे। प्रधानमंत्री के मुताबिक, भारत इसी भरोसे और स्थिरता के आधार पर अपनी भूमिका निभाना चाहता है।

सरकार का काम है नागरिकों को सशक्त बनाना

प्रधानमंत्री ने शासन व्यवस्था पर बात करते हुए कहा कि सरकार के पास अधिकार होते हैं, लेकिन उसका उद्देश्य नागरिकों को व्यवस्था पर निर्भर बनाना नहीं होना चाहिए। सरकार को लोगों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने स्टार्टअप इकोसिस्टम, मोबाइल कनेक्टिविटी और डिजिटल सेवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इनसे छोटे शहरों और नए उद्यमियों तक भी अवसर पहुंचे हैं। मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि भारत ने पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता हासिल की है।

नहीं सुधर रहा चीन, भारत सरकार द्वारा यहां क्षेत्रों के नाम बदलने पर जताई आपत्ति

ड्रैगन ने लद्दाख की 28 जगहों पर फिर जताया दावा, भारत ने किया खारिज

चीन ने लद्दाख में 28 रणनीतिक स्थानों और भौगोलिक क्षेत्रों के नाम तय करने को लेकर भारत का विरोध किया है। चीन ने एक बार फिर दावा किया है कि ये इलाके उसके हैं और भारत के कदम को गैर-कानूनी बताया। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, 'चीन ने भारत के एकतरफा और गैर-कानूनी ढंग से बनाए गए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को कभी मान्यता नहीं दी है। लद्दाख में 28 जगहों और भौगोलिक क्षेत्रों के लिए भारत के गृह मंत्रालय की ओर से तय किए गए नामों की घोषणा के संबंध में पूछे गए सवालों पर उन्होंने ये जवाब दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, 'यह कदम अवैध और अमान्य है। इससे सच्चाई बदला व नहीं हो सकता कि भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में संबंधित इलाके हमेशा से चीन के रहे हैं।' भारत ने दो अक्टूबर को लद्दाख में 28 रणनीतिक स्थानों और भौगोलिक विशेषता वाले क्षेत्रों को औपचारिक रूप से चिह्नित किया था। इनमें वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास गोगरा और हॉट स्प्रिंग जैसे प्रमुख सीमा विवाद वाले स्थान भी शामिल हैं। इन स्थानों को भारत के आधिकारिक मानचित्र में शामिल किया गया है। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से ये भड़काऊ बयान ऐसे समय में दिया गया है जब पिछले महीने ही राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी।

- माओ निंग ने कहा- लद्दाख को कभी मान्यता नहीं दी है चीन ने

एलएसी के पास महत्वपूर्ण हैं ये स्थान

लद्दाख प्रशासन के परामर्श से सरकार द्वारा उठाए गए इस कदम का उद्देश्य आधिकारिक मानचित्रण को सुव्यवस्थित करना, स्थानों की सटीक पहचान सुनिश्चित करना और संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। गोगरा और हॉट स्प्रिंग अहम रणनीतिक जगहों में से हैं और 2020 में भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच तनाव के दौरान ये टकराव वाले इलाके थे। एलएसी के पास भारतीय गश्त के लिए ये जगहें बहुत महत्वपूर्ण हैं। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध पांच मई, 2020 को पैंगोंग झील क्षेत्र में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प के बाद शुरू हुआ था।

चीन के कहने से कुछ नहीं बदलता



लद्दाख पर चीन की ओर से आई टिप्पणी पर सीधा जवाब देते हुए भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा- 'इस बात को फिर से दोहराया जाता है कि केंद्र-शासित प्रदेश लद्दाख भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। यह स्थापित तथ्य है और ये चीनी पक्ष के इनकार करने से नहीं बदल जाएगा।' रणधीर जायसवाल ने आगे कहा- लद्दाख में स्थित 28 जगहों/विशेषताओं की पहचान 'सर्वे ऑफ इंडिया' के आधिकारिक नक्शे पर मानक नामों के साथ की गई है, और यह काम लद्दाख और स्थानीय हितधारकों के साथ सलाह-मशविरे के बाद किया गया है। लद्दाख के 'सर्वे ऑफ इंडिया' के नक्शे पर इन जगहों की औपचारिक रूप से पहचान करने का मकसद यह है कि लोग उन्हें सही ढंग से पहचान सकें और आम जनता में इनके बारे में बेहतर जानकारी हो।'

लद्दाख के इन जगहों का भारत ने तय किया था नाम

भारत द्वारा चिह्नित किए गए अन्य स्थानों में अलीशा गिरि पर्वत चोटी, ब्रांगसा, चापचिंगल दर्रा, कनिष्क चोटी, करुण पीर पर्वत, कुकसेल, मार्तंड गिरि, पारपिक हिमनद, स्कामरी हिमनद, शचमिरिक दर्रा, शकोरगा घाटी, जोरावर चोटी, देहरा कंपास और द्रक कारपो शामिल हैं। इस सूची में जलमोरी, कुमारायण पॉइंट, पांगलुंग, रिनचेन जांगपो, साक्यश्री गिरि, गुरु रिनपोछे, शामल लुंगपा (1950 के दशक में गश्त और सैनिकों की आवाजाही के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला मार्ग), यांगपा नदी, मारपा लोत्सावा री, मिलारेपा कांगरी, शिव री और महेश्वर री भी शामिल हैं।



सुप्रीम कोर्ट का महाराष्ट्र सरकार को नोटिस

राहुल के खिलाफ मानहानि केस की सुनवाई रुकी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस की सुनवाई पर रोक लगा दी। यह केस 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए बयानों से जुड़ा है। मामला महाराष्ट्र की ट्रायल कोर्ट में चल रहा था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की बेंच ने महाराष्ट्र सरकार और शिकायतकर्ता एमएच श्रीश्रीमल को नोटिस जारी किया है। राहुल गांधी के खिलाफ देशभर में दर्ज आपराधिक मानहानि के मामलों की कुल संख्या 16 है। इसमें से 15 मामले उन्होंने अपने 2024 के लोकसभा चुनावी हलफनामे में घोषित किए हैं, और 1 मामला पुणे में सावरकर परिवार द्वारा दायर किया गया है। गांधी ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 8 सितंबर के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ जारी समन रद्द करने से इंकार किया था। गांधी की ओर से वकील अभिषेक सिंघवी पेश हुए।



चीफ जस्टिस सूर्यकांत का इस्तीफा मांगने वाले को कांग्रेस ने निकाला

एसआईआर के खिलाफ माहौल के बीच नया विवाद



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

सुप्रीम कोर्ट चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत का इस्तीफा मांगने वाली पोस्ट करने वाले को कांग्रेस ने पार्टी से निकाल दिया है। पोस्ट को भी डिलीट कर दिया गया है। बार एसोसिएशन सहित भाजपा द्वारा आपत्ति उठाने के बाद यह फैसला आया है। केरलम कांग्रेस प्रमुख सनी जोसेफ के अनुसार, पार्टी के ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को पद से हटा दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व की जानकारी, सहमति या परामर्श के बिना पोस्ट की गई थी। मामले में एक्शन लेते हुए जांच की जाएगी कि पोस्ट को किन परिस्थितियों में अपलोड किया गया।

कांग्रेस पार्टी न्यायपालिका की निष्पक्षता से सहमत है। हालांकि पोस्ट डिलीट कर दी गई है, लेकिन पोस्ट का स्क्रीनशॉट वायरल हो गया, जिसे पोस्ट करके किरेन रिजीजू समेत कई भाजपा नेताओं ने सवाल उठाए। जिसके बाद नेता को कांग्रेस से बाहर कर दिया गया।

यह लिखा था कांग्रेस नेता ने

कांग्रेस नेता ने एक्स पोस्ट में लिखा था कि प्रिय सूर्यकांत, यदि कानून व्यवस्था आपके अधिकार क्षेत्र में नहीं आती तो अभी इस्तीफा दे दीजिए। हम आपका ऐसा उत्तराधिकारी ढूंढ लेंगे जो इसे संभाल सके. जैसे ही प्रदेश कांग्रेस और पार्टी हाईकमान को पोस्ट के बारे में पता चला, उसे हटा दिया गया और हाईकमान ने तुरंत नेता के खिलाफ एक्शन लेने का निर्देश प्रदेश कांग्रेस को दिया।

पंजाब में नशीली दवाएं बेचने का विरोध करने पर मारी गोली

समाजसेवी ने किया अपनी हत्या का फेसबुक लाइव



फेसबुक लाइव करते हुए पहुंचे एक्टिविस्ट को मारकर भागा केमिस्ट

मानसा। पंजाब के मानसा में मंगलवार को एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर झोटा की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। परविंदर झोटा नशे के खिलाफ अभियान चलाते थे। जानकारी के मुताबिक एक मेडिकल स्टोर में नशे को लेकर बहस के दौरान मेडिकल स्टोर के संचालक ने उन्हें गोली मार दी। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। फायरिंग की घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बहस के बीच परविंदर झोटा को गोली मारते हुए देखा जा सकता है। वहीं इस घटना के बाद से एक बार फिर नशे के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं।

दनों के बीच हुई थी बहस

दरअसल, नशे के खिलाफ लगातार आवाज बुलंद करने वाले मशहूर समाजसेवी परविंदर झोटा की दिनदहाड़े हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि परविंदर झोटा नशे से जुड़े एक मामले को लेकर एक दुकान पर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान दुकान पर मौजूद एक व्यक्ति के साथ नशे को लेकर बहस हुई। इसके बाद दुकान पर मौजूद एक व्यक्ति ने कथित तौर पर उन पर फायरिंग कर दी।

विपक्ष ने सरकार को जिम्मेदार ठहराया

वहीं दिनदहाड़े हुए हत्या की इस घटना पर विपक्ष के नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष ने पंजाब में ड्रग्स की समस्या और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सरकार के रवैये पर सवाल उठाए। राज्य के प्रमुख विपक्षी दल शिरोमणि अकाली दल, बीजेपी और कांग्रेस ने सरकार के रवैये पर सवाल उठाए।

एआईडीएमके को झटका 6 विधायकों के इस्तीफे पर हाईकोर्ट की मुहर

चेन्नई। मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु में एआईडीएमके को झटका देते हुए उन छह विधायकों के इस्तीफे स्वीकार करने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को बरकरार रखा है, जो बाद में एक्टर से मुख्यमंत्री बने सी. जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) में शामिल हो गए थे। हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चार विधायकों के खिलाफ लंबित दल-बदल से जुड़ी अयोग्यता की कार्यवाही इस्तीफे स्वीकार होने के बाद भी जारी रहेगी। मद्रास हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और जस्टिस जी. अरुल मुरुगन की पीठ ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष जे.सी.डी. प्रभाकर को निर्देश दिया कि चार विधायकों के खिलाफ लंबित अयोग्यता की कार्यवाही दो महीने के भीतर पूरी की जाए। कोर्ट ने कहा कि विधायक का इस्तीफा देना और दल-बदल कानून के तहत उसकी सदस्यता रद्द करने की कार्यवाही, दोनों अलग-अलग संवैधानिक प्रक्रियाएं हैं।



एसआईआर व चुनाव आयोग में कथित गड़बड़ी का आरोप

पटना से कोलकाता तक ज्ञानेश का विरोध, देशभर में सड़कों पर उतरे लोग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में एसआईआर का मुद्दा गरमाया हुआ है। इंडियन एक्सप्रेस अखबार में चुनाव आयोग में चल रही कथित गड़बड़ी के पिछले दिनों हुए खुलासे बाद से माहौल उग्र हुआ है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार गुप्ता पर कथित रूप से गड़बड़ी करने के आरोप लगाकर विपक्षी दलों द्वारा राजधानी दिल्ली सहित देशभर में कई दिनों से प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित देश के बिहार, बंगाल जैसे राज्यों में प्रदर्शन हुए। राजधानी दिल्ली में जहां कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने कनाट प्लेस में तो काकरोच जनता पार्टी ने प्रतिबंधित जंतर-मंतर में प्रदर्शन किया।

ऐसे किया जा रहा विरोध

देश के अन्य इलाकों की बात करें तो बिहार की राजधानी पटना में 'ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन' (आइसा) के सदस्यों ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने उन्हें 'लोक भवन मार्च' के दौरान रोका। इसी तरह कोलकाता, बंगाल में भी प्रदर्शन हुआ। यहां ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कोलकाता में मोर्चा खोला और शहर राजाबाजार इलाके में जोरदार प्रदर्शन किया। राजाबाजार से पार्क सर्कस तक मार्च निकालने जा रहे पार्टी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने राजाबाजार में ही धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



अगले साल होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले से पहले महाराष्ट्र में बढ़ी चिंता

नासिक कुंभ मेला स्थल के पास भूजल में कैंसर के सेंपल

जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने पेश की है रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नासिक

महाराष्ट्र के नासिक में इस बार कुंभ होने जा रहा है। इस इलाके में भूजल में हेक्सावेलेंट क्रोमियम की मात्रा तय सीमा से लगभग 1,000 गुना ज़्यादा पाई गई है। इसके बाद उद्योगों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई शुरू की गई है और अगले साल होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले से पहले लोगों की सेहत और पानी की सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि अंबाद इंडस्ट्रियल एरिया के पास दत्ता नगर से लिए गए सैंपल में क्रोमियम की मात्रा 50.3 मिलीग्राम प्रति लीटर पाई गई, जबकि सुरक्षित सीमा 0.05 मिलीग्राम प्रति लीटर है। यहां के लोगों ने बोरवेल के पानी का रंग पीला होने की शिकायत की थी। पिछले दिनों नासिक दौरे के दौरान जिला कलेक्टर आयुष प्रसाद ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने ये नतीजे पेश किए।



प्रसाद ने कहा, 'लैब रिपोर्ट से पता चलता है कि क्रोमियम का स्तर 50.3 मिलीग्राम प्रति लीटर है, जबकि तय सीमा 0.05 मिलीग्राम प्रति लीटर है। यह लगभग 1,000 गुना ज्यादा है। हम प्रदूषण के स्रोत का पता लगाने और उसे रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं।'

15 औद्योगिक यूनिट्स को बंद करने का नोटिस

प्रशासन ने पहले ही एक संयुक्त प्रवर्तन अभियान शुरू कर दिया है। अब तक, जिला प्रशासन, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) और महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) की टीमों ने 15 औद्योगिक इकाइयों को या तो बंद करने का नोटिस दिया है या उन्हें सील कर दिया है। प्रदूषण के इस मामले ने सेहत से जुड़ी चिंताएं भी बढ़ा दी हैं।

नंदिनी नदी का पानी गोदावरी में गिरता है

स्क्रीनिंग सर्वे में त्वचा की बीमारियों वाले 19 लोगों की पहचान की गई है, जबकि प्रभावित इलाके में लगभग 25,000 लोगों के रहने का अनुमान है। अधिकारियों को डर है कि यह समस्या सिर्फ़ एक इलाके तक सीमित नहीं है। इस इलाके से निकलने वाला औद्योगिक कचरा आखिर में नंदिनी नदी में गिरता है, जो गोदावरी नदी में मिलती है। यह एक बड़ी चिंता का विषय है क्योंकि सिंहस्थ कुंभ मेले के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के नासिक आने की उम्मीद है।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

पांच हेलीकॉप्टरों की कलाबाजियां

■ सारंग डिस्प्ले टीम

सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम है। यह स्वदेशी रूप से निर्मित एचएएल ध्रुव हेलीकॉप्टरों का उपयोग करती है। इसके हेलीकॉप्टरों पर मोर की आकर्षक छवि और रंग-रोगन होता है। इसमें 5 हेलीकॉप्टर एक साथ मिलकर आसमान में विभिन्न कलाबाजियां दिखाते हैं। हेलीकॉप्टरों के जरिए 'क्रॉस ओवर ब्रेक', 'डॉल्फिन', 'डबल क्रॉस', आसमान में हेलीकॉप्टरों से दिल की आकृति बनाना और बेहद कम गति व नजदीक से उड़ान भरने वाले हैरतअंगेज करतब दिखाए जाते हैं।

■ सूर्य किरण फाइटर जेट विमानों की एरोबिक टीम

सूर्य किरण टीम फाइटर जेट-ट्रेनर विमानों की एरोबेटिक टीम है। यह हॉक एडवांस जेट ट्रेनर विमानों का उपयोग करती है। यह एशिया की चुनिंदा 9-विमानों वाली टीमों में से एक है, जिसमें 9 हॉक जेट विमान फॉर्मेशन बनाकर उड़ान भरते हैं। इसकी गति लगभग 200 किमी प्रति घंटा या उससे अधिक पर वर्टिकल क्लाइंब यानी सीधे ऊपर जाना, इन बीप टेड क्रोसओवर, बैरल रोल और केसरिया, सफेद व हरे धुएं की मदद से आसमान में तिरंगा बनाने जैसे रोमांचक और तेज गति वाले फाइटर जेट स्टंट किए जाते हैं।

राज्योत्सव में 2 नवंबर को सारंग और आकाशगंगा टीम दिखाएगी हवाई करतब

केंद्रीय मंत्री अमित शाह के पहुंचने का कार्यक्रम प्रस्तावित

सूर्यकिरण नहीं, इस बार सारंग शो में हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट, आकाशगंगा पैराशूट का रोमांच भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर 2 नवंबर को नया रायपुर में भव्य आयोजन की तैयारी है। राज्योत्सव के दौरान भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम और आकाशगंगा पैराशूट टीम अपने रोमांचक हवाई प्रदर्शन से लोगों को आकर्षित करेंगी। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ पहुंचने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। यहां यह बताना लाजिमी है कि पहले यहां सूर्यकिरण टीम का विमानों से हैरतअंगेज प्रदर्शन हो चुका है। इस बार हेलीकॉप्टर का रोमांचक एक्शन देखने को मिलेगा। सारंग टीम के स्वदेशी एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर 'ध्रुव' आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाएंगे। हेलीकॉप्टरों के बीच सटीक तालमेल, एक-दूसरे के करीब से गुजरने वाले करतब और अनुशासित उड़ान प्रदर्शन को ▶▶|शेष पेज 4 पर





विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा जल्द

अमित शाह का आगमन और वायुसेना की दोनों टीमों का प्रदर्शन कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाला आकर्षण होगा। हालांकि, केंद्रीय गृहमंत्री के दौरे के आधिकारिक कार्यक्रम तथा एयर शो के समय और दर्शकों के लिए निर्धारित स्थान से संबंधित विस्तृत कार्यक्रम की अधिकृत घोषणा जल्द की जाएगी।

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹110527/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹134990/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹147354/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

Conditions apply

anand Jewels

Pandri, Raipur

खबर संक्षेप

प्रदर्शन की याचिकाओं पर कल सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सीईसी ज्ञानेश कुमार और मतदाता सूची के एसआईआर के खिलाफ 10 अक्टूबर को हुए प्रदर्शनों से पहले दिल्ली में मेट्रो स्टेशन बंद किए जाने और ट्रेन सेवाओं में व्यवधान से जुड़ी याचिकाओं पर केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए मंगलवार को 15 अक्टूबर तक का समय दिया। न्यायमूर्ति की तबीयत ठीक नहीं पर सुनवाई बृहस्पतिवार तक टाल दी गई।

सफर महंगा, बस किराए में प्रति किमी 50 पैसे का इजाफा, जगदलपुर के लिए डेढ़ सौ ज्यादा

छत्तीसगढ़ में बसों का किराया बढ़ गया है। परिवहन विभाग के नए आदेश के मुताबिक अब पहले पांच किलोमीटर पर प्रति यात्री 10 रुपए और उसके बाद प्रति किलोमीटर 1 रुपए 75 पैसे लगेंगे। पहले यह दर 1.25 रुपए थी। यानी 50 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई है। राज्य में पिछले कुछ महीनों से डीजल की कीमतें बढ़ने के बाद बस संचालक किराया बढ़ाने की मांग कर रहे थे। अब नई दरें लागू हो गई हैं।

अशक्त लोगों और 80 साल पार वालों का सफर होगा फ्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिवहन विभाग के अनुसार, डीलक्स बस में पहले 5 किलोमीटर के लिए 12 रुपये और इसके बाद प्रत्येक कि लो मी ट र के लिए 2.20 रुपये देने होंगे। डीलक्स एसी स्लीपर और सेमी-स्लीपर बसों में पहले 5 किलोमीटर का किराया 12 रुपये रहेगा। इसके ▶▶|शेष पेज 4 पर

हरिभूमि सरोकार

नक्सल प्रभावित व्यक्तियों को आधे किराए की छूट

छत्तीसगढ़ के निवासी ऐसे व्यक्ति, जिनके पास संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर द्वारा जारी नक्सल प्रभावित व्यक्ति का प्रमाणपत्र है, उन्हें राज्य के भीतर यात्री बस से यात्रा करने पर 50 प्रतिशत किराए की छूट मिलेगी। किराये की गणना में 50 पैसे या उससे अधिक की राशि को अगले पूरे रुपये में और 50 पैसे से कम राशि को छोड़ दिया जाएगा। निर्धारित छूट की शर्तों का उल्लंघन होने पर परमिटधारक और बस परिचालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा सकेगी।



इन यात्रियों को 100 प्रतिशत छूट

सरकार ने कुछ श्रेणियों के यात्रियों को सहायक के साथ यात्रा करने पर भी किराये में पूरी छूट देने का प्रावधान किया है। इनमें दृष्टिबाधित व्यक्ति, मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति, दोनों पैरों से चलने में असमर्थ दिव्यांग व्यक्ति, 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक और एचआईवी/एड्स से पीड़ित व्यक्ति शामिल हैं। यह छूट राज्य के भीतर यात्री ▶▶|शेष पेज 6 पर

रात में चलने वाली सामान्य बसों का किराया 10 प्रतिशत अधिक

सामान्य रात्रिकालीन बस सेवा का किराया सामान्य बस सेवा की निर्धारित दर से 10 प्रतिशत अधिक होगा। अधिसूचना में रात्रिकालीन बस सेवा उस सेवा को माना गया है, जो सामान्यतः सूर्यास्त से सूर्योदय के बीच संचालित होती है और जिसकी एक तरफ की यात्रा 200 किलोमीटर से अधिक होती है। डीलक्स रात्रिकालीन बसों के लिए निर्धारित डीलक्स बस का किराया लागू होगा। सुपर लग्जरी एसी बसों की अलग दरें वोल्वो, स्कैनिया और मर्सिडीज जैसी सुपर लग्जरी वातानुकूलित बसों के लिए पहले 5 किलोमीटर का किराया 12 रुपये प्रति यात्री निर्धारित किया गया है। इसके बाद प्रति यात्री प्रति किलोमीटर 3.30 रुपये लगेंगे। इन बसों की एसी सेमी-स्लीपर सीटों के लिए प्रति किलोमीटर 3 रुपये और स्लीपर बर्थ के लिए 3.30 रुपये की दर निर्धारित है।

झारखंड में हादसा

सड़क हादसे में नांदगांव के एक ही परिवार के तीन की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

शहर के एक परिवार के तीन लोगों की झारखंड में हुए सड़क हादसे में मौत की जानकारी सामने आई है। बताया गया कि परिवार अपनी चार पहिया वाहन से टाटानगर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में एक ट्रक की चपेट में आने से यह दुर्घटना हुई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत के साथ ही दो सदस्य घायल भी हुए हैं। जिनका अस्पताल में उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित ▶▶|शेष पेज 4 पर

एक ही परिवार के सभी सदस्य

इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हुई है। मृतकों की पहचान अमृत कौर (उम्र 45 वर्ष), अमनदीप कौर (उम्र 15 वर्ष) और गुर सिमरन कौर (उम्र 11 वर्ष) के रूप में हुई है। परिवार के हरमन कौर (उम्र 6 वर्ष) और प्रदीप सिंह (उम्र 57 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे में कार सवार 9 महीने का एक बच्चा भी था, लेकिन वह सुरक्षित बताया गया है। यह परिवार मंगलम मोटर्स के संचालक के परिजन और राजनांदगांव के फरहद चौक निवासी बताए जा रहे हैं।

मालदीव के दोनों पायलट

फ्लाईदुबई हाईजैक मामले में दो पायलट पर शिकंजा

एजेंसी ▶▶| दुबई

दुबई से तेल अवीव जाने वाले विमान में को पायलट पर हमला करने के मामले में यूएई पुलिस ने फ्लाईदुबई के लिए काम करने वाले मालदीव के दो पायलटों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी ओमान के एक को-पायलट अल-हम्मामी द्वारा दुबई-तेल अवीव फ्लाइट को हाईजैक और क्रैश करने की कथित कोशिश के सिलसिले में की गई है। भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार, उस संदिग्ध साजिश को नाकाम करते हुए घायल हो गए थे।

अल-हम्मामी के साथ संपर्क में थे

माना जाता है कि ये दोनों पुरुष पायलट अपने काम की जगह पर अल-हम्मामी के संपर्क में थे और उसी इमारत में रहते थे, जहां वह रहता था। ये दोनों फ्लाईदुबई के लिए पायलट के तौर पर काम करने वाले मालदीव के छह नागरिकों में शामिल हैं। बताया जाता है कि वे मालदीव से एयरलाइन में सबसे हाल ही में भर्ती हुए पायलट हैं।

छत्तीसगढ़ में पुलिस भर्ती परीक्षा फिर स्थगित, दो माह में दूसरी बार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पुलिस विभाग के अंतर्गत होने वाली सूबेदार, एसआई और प्लाटून कमांडर परीक्षा एक बार फिर से स्थगित कर दी गई है। लोक सेवा आयोग ने इस संदर्भ में मं ग ल वा र को आदेश जारी किया। आदेश में परीक्षा स्थगित किए जाने का कारण नहीं बताया गया है। केवल अपरिहार्य कारणों का हवाला दिया गया है। यह परीक्षा 2, 3 और 4 नवंबर को आयोजित होने वाली थी। नवीन तिथि फिलहाल जारी नहीं की गई है। इसके लिए पृथक रूप से सूचना जारी की जाएगी।

- पीएससी ने जारी की अधिसूचना, 2 से 4 नवंबर तक होनी थी परीक्षा

यह दूसरी बार है, जब यह परीक्षा स्थगित की गई है। अगस्त में पहला स्थगन आदेश जारी हुआ था। अगस्त 2026 में जारी आधिकारिक ▶▶|शेष पेज 4 पर

इधर... साक्षात्कार को लेकर असमंजस

इसके अलावा, हाल ही में सितंबर 2026 में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा-2025 के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और इंटरव्यू प्रोसेस (जो 20 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच होने थे) को भी विवादों और पारदर्शिता की मांगों के चलते स्थगित किया था। स्थगित किए जाने के बाद अब तक नवीन तिथि घोषित नहीं की जा सकी है। साक्षात्कार ▶▶|शेष पेज 4 पर



17 अक्टूबर तक सस्पेंड

भारत समेत 8 देशों ने रोकी सऊदी अरब की सभी उड़ानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया का सबसे सुरक्षित माने जाने वाला देश सऊदी अरब भी जंग की चपेट में आ चुका है। यमन के हूती विद्रोहियों के लगातार हमले के बाद भारत समेत आठ देशों ने सऊदी अरब की उड़ानों पर रोक लगा दी है। भारतीय एयरलाइंस इंडिगो, एयर इंडिया और आकासा एयर ने सऊदी अरब के कई शहरों के लिए और वहां से आने-जाने वाली उड़ानें 17 अक्टूबर तक रोक दी हैं। एक ट्रैवल एडवाइजरी में इंडिगो ने सऊदी अरब में स्थिति का हवाला देते हुए रियाद, जेद्दा, दम्मम और मदीना को जोड़ने वाली उड़ानें शनिवार तक रद्द करने की घोषणा की। एनालिटिक्स फर्म 'सिरियम' के आंकड़ों के मुताबिक, अकेले एक दिन रियाद के किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली या लैंड होने वाली करीब 300 फ्लाइट्स को अचानक रद्द करना पड़ा था।

इन्होंने लगाई रोक

- एतिहाद एयरवेज यूएई से रियाद आने और जाने वाली सभी उड़ानें को रद्द
- गल्फ एयर बहरीन से रियाद की उड़ानें सस्पेंड
- सिंगापुर एयरलाइंस : नई सर्विस शुरू करने के प्लान को टाल दिया
- भारतीय एयरलाइंस : इंडिगो और एयर इंडिया, आकासा एयर ने भी रियाद के लिए अपनी उड़ानों पर रोक लगा दी है।
- कैथे पैसिफिक : हांगकांग की कैथे पैसिफिक ने दुबई और रियाद के लिए अपनी उड़ानों की कैंसिलेशन को 31 जनवरी तक आगे बढ़ा दिया है।
- अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस : फिलीपींस एयरलाइंस सहित कई अमेरिकी और यूरोपीय एयरलाइंस ने भी इस इलाके में उड़ान भरने से तौबा कर ली है।

वैद्यनाथ प्रस्तुत

PainQuit OIL + TABLET

दर्द को मिटायें, ज़ल्द असर दिखायें



अब दर्द सहना नही पड़ेगा

घुटनों का दर्द | पीठ व माँसपेशियों का दर्द | कंधो का दर्द

सिद्धायु - वैद्यनाथ का भरोसा

मुफ्त वैद्यकीय सलाह के लिए संपर्क करे : 844 844 4935

चिंतन

त्योहारी सीजन में व्यापारियों को राहत



मुद्दा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

त्योहारों का मौसम व्यापारियों के लिए केवल बिक्री बढ़ने का अवसर नहीं, बल्कि सालभर की कमाई और आर्थिक स्थिरता का भी अहम समय होता है। ऐसे में कारोबार पर अतिरिक्त लागत का बोझ डालने वाले फैसले हों या सड़कों पर विरोध प्रदर्शनों के कारण बाजारों तक ग्राहकों की पहुंच बाधित हो, दोनों का सीधा असर व्यापार पर पड़ता है। यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क को दिवाली तक टालने का फैसला व्यापारियों के लिए फिलहाल राहत लेकर आया है। वहीं, दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित होने का मुद्दा हाईकोर्ट तक पहुंचना बताता है कि आर्थिक गतिविधियों को निर्बाध बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। यूपीआई देश में डिजिटल भुगतान की सबसे सहज व्यवस्थाओं में शामिल है। इसकी लोकप्रियता का आधार इसकी सरलता, त्वरित लेनदेन और अतिरिक्त शुल्क की चिंता के बिना भुगतान करने की सुविधा है। रेहड़ी-पटरी वाले से लेकर बड़े कारोबारी तक, इस व्यवस्था ने डिजिटल अर्थव्यवस्था को व्यापक आधार दिया है। ऐसे में 2000 रुपये से अधिक के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाने का प्रस्ताव व्यापारियों के लिए नई लागत खड़ी करता है। भले ही यह शुल्क सीधे ग्राहक से नहीं, बल्कि निर्धारित शर्तों के तहत व्यापारी से लिया जाना हो, लेकिन कारोबार की लागत बढ़ने पर उसका अप्रत्यक्ष असर ग्राहकों तक पहुंचने की आशंका बनी रहती है। दिवाली तक शुल्क टालने से फिलहाल कारोबारियों को राहत मिली है। केवल समयसीमा आगे बढ़ा देना समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। यदि शुल्क लागू करने का प्रस्ताव बरकरार है, तो सरकार और संबंधित संस्थाओं को इसके औचित्य, वास्तविक लागत और छोटे कारोबारियों पर पड़ने वाले प्रभाव को स्पष्ट करना चाहिए। वहीं दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों के कारण कारोबार प्रभावित होने का मामला इस बहस का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी वालों और वकीलों की याचिकाओं पर हाईकोर्ट द्वारा केंद्र सरकार से जवाब मांगना बताता है कि राजधानी में प्रदर्शन और जनजीवन के बीच संतुलन का प्रश्न गंभीर हो चुका है। यातायात बाधित होने, बैरिकेडिंग और बाजारों तक पहुंच मुश्किल होने से व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। त्योहारों के दौरान होने वाली बिक्री अनेक छोटे कारोबारियों के लिए पूरे साल की आर्थिक जरूरतों से जुड़ी होती है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि उनके विरोध का असर केवल सरकार या संबंधित संस्था तक सीमित नहीं रहता; उसकी कीमत आम नागरिक, दुकानदार, कर्मचारी और रोज कमाकर खाने वाले लोग भी चुकाते हैं। त्योहारी सीजन में व्यापारियों को राहत देने के लिए नीतिगत स्थिरता और निर्बाध कारोबारी माहौल दोनों जरूरी हैं। सरकार को शुल्क संबंधी प्रस्ताव पर पारदर्शी ढंग से पुनर्विचार करना चाहिए, जबकि राजनीतिक दलों और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विरोध और व्यवस्था के बीच संतुलन बना रहे। आर्थिक गतिविधियों को नीतिगत अनिश्चितता और राजनीतिक टकराव की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। त्योहारों की असली रौनक तभी कायम रहेगी, जब बाजारों में ग्राहक बेझिझक पहुंच सकें, व्यापारी बिना अतिरिक्त दबाव के कारोबार कर सकें और लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल दूसरों की रोजी-रोटी बाधित किए बिना हो।

देश में लोकतंत्र बनाम अराजकता

> लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, किंतु विरोध के नाम पर देश को बंधक बनाने का अधिकार किसी को नहीं है। पिछले कई दिनों से लगातार दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में जो कुछ हो रहा है, उसने एक बार फिर वही पुराना सवाल खड़ा कर दिया है यह लोकतंत्र है या अराजकता? या लोकतंत्र के नाम पर अराजकता? लोकतंत्र शब्द आज सबसे ज्यादा बोला जाने वाला शब्द है। संसद से सड़क तक, टीवी स्टूडियो से सोशल मीडिया तक हर कोई लोकतंत्र की दुहाई दे रहा है। पर सवाल यह है कि क्या जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र है? क्या हर दिन संसद को बाधित करना लोकतंत्र है? क्या चुनी हुई सरकार को काम ही नहीं करने देना लोकतंत्र है?

लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, किंतु विरोध के नाम पर देश को बंधक बनाने का अधिकार किसी को नहीं है। पिछले कई दिनों से लगातार दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में जो कुछ हो रहा है, उसने एक बार फिर वही पुराना सवाल खड़ा कर दिया है - यह लोकतंत्र है या अराजकता? या लोकतंत्र के नाम पर अराजकता? लोकतंत्र शब्द आज सबसे ज्यादा बोला जाने वाला शब्द है। संसद से सड़क तक, टीवी स्टूडियो से सोशल मीडिया तक हर कोई लोकतंत्र की दुहाई दे रहा है। पर सवाल यह है कि क्या जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र है? क्या हर दिन संसद को बाधित करना लोकतंत्र है? क्या चुनी हुई सरकार को काम ही नहीं करने देना लोकतंत्र है? क्या विदेशी धरती पर जाकर देश की संस्थाओं को बदनाम करना लोकतंत्र है? इन सवालों का जवाब खोजना जरूरी है, क्योंकि आज देश एक चौराहे पर खड़ा है।

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसी सरकार है जो लोकतंत्र को उसकी जड़ों तक मजबूत कर रही है, और दूसरी तरफ एक ऐसा वर्ग है जो लोकतंत्र के नाम पर अराजकता को अपना हथियार बना रहा है। इसलिए आज लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाने की साजिश को समझने का वक्त है। क्या यही लोकतंत्र है? लोकतंत्र का पहला अर्थ है - संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान। पर आज क्या हो रहा है? विपक्ष द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जा रही है। सवाल पूछा जाना चाहिए - क्यों? क्या इसलिए कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का फैसला लिया है? लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव जीतना या हारना नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ है - जनता के जनादेश का सम्मान। 2014 में और फिर 2019 और 2024 में इस देश की जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया। जनता ने कहा कि हमें स्थिरता चाहिए, विकास चाहिए, सुशासन चाहिए। मोदी सरकार ने इसी जनादेश को अपना धर्म माना। क्या लोकतंत्र यह है कि अनुच्छेद 370 जैसे 70 साल पुराने नासूर को संसद में बहस के बाद लोकतांत्रिक तरीके से हटाया जाए? मोदी सरकार ने लोकतंत्र को पांच सितारा होटलों के सेमिनार से निकालकर गांव की चौपाल तक पहुंचाया है। यह लोकतंत्र है कि आज संसद में हर बिल पर खुली बहस होती है। वोटिंग होती है। यह लोकतंत्र है कि आज कैबिनेट के फैसले किसी एक परिवार के ड्राइंग रूम में नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होते हैं। जो लोग आज लोकतंत्र खतरे में है, का शोर मचा रहे हैं, उन्हें याद करना चाहिए कि लोकतंत्र खतरे में तब था, जब 1975 में आपातकाल लगाकर पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया था। लोकतंत्र खतरे में तब था जब प्रेस पर सेंसरशिप थी। आज लोकतंत्र खतरे में नहीं है, बल्कि आज लोकतंत्र सबसे ज्यादा सुरक्षित हाथों में है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज प्रधानमंत्री खुद संसद में घंटों खड़े होकर विपक्ष के हर सवाल का जवाब देते हैं। यही तो लोकतंत्र है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण तो लोकतंत्र की सबसे पहली शर्त है। फर्जी मतदाता हटें।

बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम कटें। एक व्यक्ति का नाम दो जगह से मिटे। यह तो हर लोकतंत्र-प्रेमी चाहेगा। पर जब चुनाव आयोग यही काम करने चलता है, तो उसी पर हमला बोला जाता है। ज्ञानेश कुमार जैसे



अधिकारी पर इस्तीफे का दबाव बनाया जाता है। क्या यही लोकतंत्र है? यह लोकतंत्र नहीं। यह चुनाव आयोग को डराने की कोशिश है। मोदी सरकार ने हमेशा चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को स्वतंत्र रखा है। 2014 के बाद से चुनाव आयोग ने जैसे-जैसे पारदर्शिता बढ़ाई, वैसे-वैसे चुनाव और ज्यादा निष्पक्ष हुए। या यह अराजकता है ?इसका जवाब दिल्ली की सड़कों पर दिखा। गहन पुलिस प्रबंधन के बावजूद...!पूरी तैयारी के बावजूद...! प्रदर्शनकारियों द्वारा पथराव किया गया । इसमें 6 से अधिक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जो पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सुरक्षा में लगे हैं, उन पर पत्थर फेंकना क्या लोकतांत्रिक विरोध है? यह सीधी अराजकता है । दिल्ली पुलिस ने कानून के दायरे में रहकर 7 हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इनमें दीपके समेत विपक्षी दलों से जुड़े चार पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। सोचिए, चार पूर्व मुख्यमंत्री अगर सड़क पर अराजकता फैलाएंगे तो आम कार्यकर्ता क्या करेगा? यह आंकड़ा ही बताता है कि यह कोई स्वतः स्फूर्त जन-आंदोलन नहीं था। यह प्रायोजित अराजकता थी। या यह लोकतंत्र के नाम पर अराजकता है? यह सबसे खतरनाक स्थिति है। लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाना। दिल्ली के अलावा इसका प्रभाव अन्य शहरों में भी देखा गया। पटना, कोलकाता, लखनऊ, हैदराबाद में भी सांकेतिक जाम और प्रदर्शन की कोशिश हुई। मकसद एक ही था - जनजीवन को बाधित करो, ताकि सरकार पर दबाव बने। मूल मुद्दा क्या है? चुनाव आयोग या कुछ और? असली मुद्दा न तो ज्ञानेश कुमार हैं, न ही मतदाता सूची।

असली मुद्दा है - मोदी सरकार के सुशासन से ध्यान भटकाना। विपक्ष जानता है कि वह नरेंद्र मोदी का मुकाबला विकास के मुद्दे पर नहीं कर सकता। इसलिए वह हर चुनाव सुधार को विवादित बनाता है। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण से किसे डर लग रहा है? उसी को जिसे फर्जी वोटों के सहारे जीतने की आदत है। मोदी सरकार का मंत्र साफ है - एक राष्ट्र, एक चुनाव सूची, शुद्ध चुनाव सूची। लोकतंत्र में अंतिम फैसला सड़क पर नहीं, संसद में होता है। दिल्ली में आंदोलन के बावजूद आम चुनावों में भाजपा जीती। यह सबसे बड़ा जवाब है। दिल्ली की जनता ने सड़क की अराजकता को नकार दिया। नंदीग्राम में भी भाजपा जीती। एक ऐसा क्षेत्र जहां 70 प्रतिशत से भी ज्यादा अल्पसंख्यक मतदाता हैं, वहां भी भाजपा 70 हजार से अधिक मतों से जीती। यह बताता है कि अल्पसंख्यक भी अब अराजकता की राजनीति से ऊब चुके हैं और मोदी के विकास वाले लोकतंत्र पर भरोसा कर रहे हैं। पांडिचेरी में भी एनडीए जीती। यह जीत दक्षिण में भी लोकतंत्र की जीत है। तात्पर्य बिल्कुल साफ है। भारतीय लोकतंत्र ने अराजकता की प्यास को बुझा दिया है। जनता ने बता दिया है कि वह पथराव वाली राजनीति नहीं चाहती। वह विकास वाली राजनीति चाहती है।

अतः हमारा स्पष्ट सुझाव है कि किसी भी कीमत पर राजनीतिक टकराव के बीच जनजीवन बाधित होना किसी के हित में नहीं है। लोकतंत्र में टकराव होना चाहिए - विचारों का टकराव, नीतियों का टकराव, पर सड़क पर टकराव से आम आदमी को क्यों सजा मिले? स्कूल की बस रोकी जाए? एंबुलेंस फंसी रहे? दुकानदार का धंधा बंद हो? यह कौन सा लोकतंत्र है? देश संसद से चलेगा। सड़क से नहीं। यह बात विपक्ष को समझनी होगी। अगर आपको मतदाता सूची पर आपत्ति है तो चुनाव आयोग के पास जाइए।कोर्ट में जाइए।संसद में चर्चा कीजिए। पर सड़क पर पत्थर फेंककर आप लोकतंत्र को मजबूत नहीं, कमजोर कर रहे हैं।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा



अवसाद का घेरा कसता वर्चुअल स्टारडम

हाल में मध्य प्रदेश के सिंगरौली में एक चर्चित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने आत्महत्या कर ली। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सोलह लाख फॉलोअर्स और ब्यूटी क्वीन के नाम से मशहूर इंफ्लुएंसर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सोशल मीडिया पर डाली गई आखिरी पोस्ट के अनुसार 30 साल की यह इंफ्लुएंसर खुद को प्यार में ठगा हुआ महसूस कर रही थी। कुछ समय पहले हरियाणा के गुरुग्राम में भी फ्रीलांसर रेडियो जॉकी सिमरन सिंह ने खुदकुशी कर ली थी। सोशल मीडिया पर 'जम्मू की धड़कन' के नाम से भी चर्चित इस इंफ्लुएंसर के इंस्टाग्राम पर करीब 6.82 लाख फॉलोअर्स थे। तकलीफदेह है कि स्क्रीन को ही अपना संसार बना चुके बहुत से युवक-युवतियां जीवन के व्यावहारिक धरातल से दूर हो रहे हैं। अपने अनुसरणकर्ताओं को जीवन की समस्याओं से जूझने के मंत्र देने वाले कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर स्वयं अवसाद और अकेलेपन के घेरे में हैं। एकतरफा संवाद वाल इनका संसार स्वयं ही सब कुछ कहने-बताने-दिखाने वाला कंटेंट परोसने तक सिमट जाता है। आभासी स्टारडम के कसते घेरे में अपने स्वजनों- परिजनों तक दूर हो जाते हैं। स्मार्ट स्क्रीन को अपनी दुनिया बना चुके सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के पास कोई भावनात्मक सहारा नहीं होता। साथ ही सोशल मीडिया मंचों का बदलता एल्गोरिदम भी उनकी मनःस्थिति पर गहरा असर डालता है। एक ओर हर पोस्ट के वायरल होने का तनाव तो दूसरी ओर लोकप्रियता को बनाए रखने का दबाव। एक बार वर्चुअल दुनिया में अपना ठिकाना बना लेने के बाद सभी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पर बहुत दबाव रहता है। आभासी चमक-दमक वाले संसार में अपनी ऑनलाइन उपस्थिति बनाये रखना भी एक समय बाद मन-जीवन को असहज करने लगता है। चिंतनीय है कि डिजिटल क्रिएटर युवा सहज परिवेश और परिवार से ही दूर हो जाते हैं। एक ओर फॉलोअर्स की बढ़ती संख्या एक अहंकारी भाव से भर देती है तो दूसरी ओर अनुसरणकर्ताओं के घटने की स्थिति का सामना भी नहीं कर पाते। पिछले साल इंफ्लुएंसर मीशा अग्रवाल ने भी इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की संख्या घटने के कारण ही आत्महत्या कर ली थी। ईकीगाई लॉ की एक रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश के 40 लाख से ज्यादा कंटेन्ट क्रिएटर्स में से 80 प्रतिशत सप्ताह में कम से कम एक बार भारी तनाव महसूस करते हैं। इतना ही नहीं, लगातार सामग्री बनाना भी मुश्किल काम होता है। यही रिपोर्ट बताती है कि करीब 62 प्रतिशत बर्नआउट रिपोर्ट करते हैं। साथ ही 52 फीसदी कंटेन्ट क्रिएटर्स अपने काम से जुड़ी एंग्जायटी से जूझते हैं। दुखद है कि घर-परिवार का आयोजन हो या देश की कोई घटना-दुर्घटना। आभासी संसार में छाए रहने के फेर में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सही गलत का अंतर भी भूल रहे हैं। वीडियो बनाते हुए खुद दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। महिलाएं अभद्र कंटेन्ट बना रही हैं। जेन जी असभ्य भाषा बोलकर फॉलोवर्स बढ़ाने की जुगत करते दिखते हैं। सब कुछ मन मुताबिक करने की यह मानसिकता और व्यवहार अवसाद की ओर धकेलने वाला ही है।स्पष्ट है कि युवाओं का आभासी संसार में मौजूदगी के बावजूद अपने असली व्यक्तित्व और भावनाओं को समझना आवश्यक है। वर्चुअल और असल जीवन में संतुलन साधना जरूरी है। इसके लिए फॉलोअर्स की अपेक्षाओं के दबाव में नकलीपन ओढ़ने से बचना और अपनों के साथ संवाद करना होगा। हर वीडियो क्लिप या रील में खूबसूरत, खुशदिल और सक्रिय दिखने का दबाव कई बार जीवन पर भारी पड़ता है। बीते दिनों भी देखने में आया था कि अपने अनुसरणकर्ताओं का आंकड़ा बढ़ाने की जुगत करने वाले बहुत से इंफ्लुएंसर जंतर-मंतर पहुंचे थे।जबकि विचित्र भाषा और गीत-संगीत के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने वाले ये आभासी चेहरे ऐसे प्रदर्शनों का विषय तक ठीक से नहीं जानते थे। चिंतनीय है कि नई पीढ़ी की एक बड़ी आबादी इस वर्चुअल घेरे में आ रही है। जीवन का हर पल स्क्रीन में समेटने की आदत मानसिक रूप से थका देती है। व्यक्तिगत सुख-दुख भी कंटेंट का हिस्सा बनाने वाले इन चेहरों के भीतर एक अकेलापन पसरता जाता है। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म, क्वोरोज़, की एक रिपोर्ट के अनुसार कैमरे के पीछे की असलियत मानसिक स्वास्थ्य संकट, वित्तीय अस्थिरता और एल्गोरिदम के दबाव से घिरी हुई है। रिपोर्ट बताती है कि पिछले 4 साल में हमारे यहां इन्फ्लुएंसर्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। यह संख्या 2020 के 9.6 लाख से बढ़कर 2024 में 40.6 लाख हो गई। ऐसे में इंफ्लुएंसर्स की बढ़ती संख्या के साथ-साथ उनके साथ होने वाली आपराधिक घटनाओं के साथ ही आत्महत्या के मामले भी बढ़ रहे हैं । जरूरी है कि युवा और किशोर इस वर्चुअल स्टारडम के घेरे से बचें। वास्तविक धरातल से जुड़े बिना सहज जीवन नहीं जीया जा सकता।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

मृत्यु एक अटल सत्य हैं



संकलित
प्रेरणा

एक राधेश्याम नामक युवक था। उसका छोटा सा परिवार था जिसमें उसके माता-पिता, पत्नी एवम दो बच्चे थे। उसके इन्ही गुणों के कारण श्री कृष्ण उससे बहुत प्रसन्न थे और सदैव उसके साथ रहते थे। और राधेश्याम अपने कृष्ण को देख भी सकता था और बाते भी करता था। इसके बावजूद उसने कभी ईश्वर से कुछ नहीं मांगा। एक दिन राधेश्याम के पिता की तबियत अचानक ख़राब हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। उसने सभी डॉक्टर्स के हाथ जोड़े। अपने पिता को बचाने की मिन्नते की। लेकिन सभी ने उससे कहा कि वो ज्यादा उम्मीद नहीं दे सकते। और सभी ने उसे भगवान पर भरोसा रखने को कहा। तभी राधेश्याम को कृष्ण का ख्याल आया और उसने अपने कृष्ण को पुकारा। कृष्ण दौड़े चले आये। राधेश्याम ने कहा- मित्र! तुम तो भगवान हो मेरे पिता को बचा लो। कृष्ण ने कहा- मित्र! ये मेरे हाथों में नहीं हैं। इस पर राधेश्याम नाराज हो गया। तब भगवान कृष्ण ने उससे कहा- मित्र! मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूं राधेश्याम ने तुरंत पूछा कैसा कार्य? कृष्ण ने कहा- तुम्हे! किसी एक घर से मुट्ठी भर ज्वार लानी होगी और ध्यान रखना होगा कि उस परिवार में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो। राधेश्याम हर घर गया पर वहां ज्वार तो होती लेकिन ऐसा कोई नहीं होता जिनके परिवार में किसी की मृत्यु ना हुई हो। दो दिन तक भटकने के बाद राधेश्याम को अहसास हुआ कि मृत्यु एक अटल सत्य है। इसका सामना सभी को करना होता है। और वो अपने व्यवहार के लिए कृष्ण से क्षमा मांगता हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

जरूरी है सुरक्षित घर

आपदा कभी चेतावनी देकर नहीं आती, लेकिन उससे होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम आपदा आने के बाद राहत और बचाव की तैयारी करने के बजाय पहले से ही जोखिमों को पहचानें, सुरक्षित निर्माण को प्राथमिकता दें और प्रत्येक नागरिक को आपदा से निपटने के लिए तैयार करें। इसी उद्देश्य के साथ प्रत्येक वर्ष 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2026 में इस दिवस की थीम थी : लचीलापन घर से शुरू होता है। संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय द्वारा निर्धारित यह विषय इस बात पर जोर देता है कि आपदाओं से सुरक्षा की शुरुआत हमारे अपने घर, परिवार और आसपास के वातावरण से होती है।

- राजेश शर्मा, जगदलपुर

ट्रेंड

कांग्रेस महिला विरोधी



राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का महिला-विरोधी चेहरा एक बार फिर देश के सामने है। एक विरोध प्रदर्शन की कवरेज के दौरान तीन महीने की गर्भवती महिला पत्रकार ऋचा पारशार के साथ मारपीट और बदसलूकी की घटना बेहद निंदनीय है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी वफादार नहीं



जिन्होंने भगवान का पैसा चुराया और खुद भगवान को भी धोखा दिया, वे भला उन डॉक्टरों को क्या बख्शेंगे जो इस धरती पर भगवान का रूप है, भले ही वे बीजेपी के सदस्य हों? बीजेपी पैसे के अलावा किसी के प्रति वफादार नहीं है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

बीजेपी को करारा जवाब



भदरोश जिला पंचायत उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की ऐतिहासिक जीत इस बात का सबूत है कि गुजरात के किसानों का भरोसा अब मजबूती से 'आप' के साथ जुड़ रहा है। किसानों को न्याय न देने वाली बीजेपी सरकार को करारा जवाब मिला है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

चुनाव आयोग में गड़बड़ियां



चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। यह एक स्वतंत्र संस्था है। हालांकि, इसे स्वतंत्र रूप से फैसले लेने नहीं दिया जा रहा है। चुनाव आयोग के दो सदस्यों ने खुलकर बताया है कि आयोग कैसे काम कर रहा है, उसमें किस तरह की गड़बड़ियां हो रही हैं।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

स्टारलिंक उपग्रह स्टेशन में आगजनी, रूस जिम्मेदार

पोलैंड ने सितंबर में स्टारलिंक उपग्रह स्टेशन में आगजनी की घटना के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है और स्टेशन को नुकसान पहुंचाने के संबंध में तुर्किये के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है।



प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। पोलैंड के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि संदिग्धों को जर्मनी में गिरफ्तार किया गया। पोलैंड के निजता संबंधी नियमों के कारण उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। आरोपियों पर 23 सितंबर को वारसॉ से करीब 40 किलोमीटर दक्षिण में स्थित वोला क्रोबोव्स्का में स्टारलिंक के बुनियादी ढांचे में जानबूझकर आग लगाने का आरोप है। खुफिया सेवाओं की निगरानी करने वाले पोलैंड के मंत्री तोमाश सिएमोनियाक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'हमें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि उपग्रह को नुकसान पहुंचाने की इस घटना के पीछे रूसी खुफिया सेवाओं का हाथ है।' उन्होंने कहा कि रूसी खुफिया सेवाएं आपराधिक दुनिया से जुड़े लोगों का तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस घटना को 'हाइब्रिड युद्ध का एक और कृत्य' बताया। इस संबंध में अन्य विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हो सके।

ऑफ बीट

मनुष्यों के पास होती है आंतरिक चंद्र घड़ी

मनुष्यों और ज्यादातर जानवरों में एक आंतरिक चंद्र घड़ी होती है, जो चंद्रमा की 29.5-दिवसीय लय के अनुसार संचालित होती है। यह घड़ी कई प्रजातियों की



नींद, प्रजनन और प्रवासन की प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। लेकिन कृत्रिम प्रकाश के युग में, यह प्राचीन संकेत लुप्त होता जा रहा है - शहरों की रोशनी, स्क्रीन और उपग्रहों की चमक में धुंधला पड़ता जा रहा है। जिस प्रकार सर्कैडियन लय पृथ्वी के 24 घंटे के घूर्णन के साथ समय का ध्यान रखती है, उसी प्रकार कई जीव चंद्रमा की धीमी लय का भी ध्यान रखते हैं। सर्कैडियन लय लगभग 24 घंटे की एक आंतरिक जैविक घड़ी है जो नींद और जागने के चक्र समेत शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। दोनों प्रणालियां प्रकाश के संकेतों पर निर्भर करती हैं और हाल में महिलाओं के मासिक चक्रों का विश्लेषण करने वाले एक अध्ययन से पता चला है कि जैसे-जैसे पृथ्वी कृत्रिम रोशनी से अधिक उजली होती जा रही है, वैसे-वैसे वे प्राकृतिक भिन्नताएं, जिन्होंने कभी जैविक समय की संरचना तय की थी, अब धुंधले पड़ते जा रहे हैं। कई शोध बताते हैं कि चंद्र चक्र (लूनर साइकिल) अब भी मानव नींद को प्रभावित करता है। वर्ष 2021 के एक अध्ययन में पाया गया कि अर्जेंटीना की टोबा स्वदेशी समुदायों में लोग पूर्णिमा (फुल मून) से पहले की तीन से पांच रातों में 30 से 80 मिनट देर से सोने जाते थे।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



तीन दिनों में मां बम्लाई के दर्शन के लिए पहुंचे ढाई लाख श्रद्धालु

सत्यम शर्मा ▶▶| राजनांदगांव

नवरात्रि पर्व के दौरान अंचल का हर माता भक्त डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन करना चाहता है। बड़ी संख्या में लोग अपनी मन्नत पूरी कराने पदयात्रा कर भी मां के दर्शन करने पहुंचते हैं। हर साल की तरह ही इस बार भी मां के दर्शन को लेकर भक्तों में जोरदार उत्साह देखने को मिल रहा है। आलम यह है कि पहले तीन दिन में ही ढाई लाख से अधिक भक्त दर्शन लाभ ले चुके हैं। वहीं मंदिर समिति द्वारा बताया गया कि इस बार ▶▶|शेष पेज 4 पर

21 को मनेगा दशहरा

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में ज्योत विसर्जन 20 अक्टूबर को किया जाएगा। भले ही बाकी शहरों में नवमी और दशमी एक दिन मनाई जा रही हो, लेकिन माई की नगरी डोंगरगढ़ में परंपरा है कि ज्योत विसर्जन के अगले दिन ही दशहरा मनाया जाता है। यही कारण है कि इस बार डोंगरगढ़ में 21 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा।





माता सिंहवाहिनी की प्रतिमा में दुर्गा और काली का संयुक्त स्वरूप

विजय पांडेय ▶▶| कांकेर

आस्था, इतिहास और रहस्य की अनूठी विरासत को अपने भीतर समेटे कांकेर के राजापारा स्थित मां सिंहवाहिनी मंदिर की कहानी बेहद रोचक है। यहां विराजमान देवी की प्रतिमा में मां दुर्गा और मां काली का संयुक्त स्वरूप दिखाई देता है। कभी इस मंदिर के कपाट साल में केवल दशहरे के दिन राजपरिवार ▶▶|शेष पेज 4 पर

एक ही प्रतिमा में मां दुर्गा और मां काली का स्वरूप

मां सिंहवाहिनी की प्रतिमा की सबसे बड़ी विशेषता इसका विलक्षण स्वरूप है। इसमें मां दुर्गा और मां काली के रूप का संगम दिखाई देता है। पुरातत्ववेत्ता जेआर भगत के अनुसार, यह प्रतिमा 600 साल से अधिक पुरानी मानी जाती है। उनका कहना है कि कांकेर में स्थापित इस प्रतिमा के समान स्वरूप की प्रतिमा कोलकाता में भी मौजूद है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

केंद्रीय मंत्री मुरुगन ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। सूचना और प्रसारण तथा संसदीय मामलों के राज्य मंत्री एल मुरुगन ने अपने मंत्री पद और राज्यसभा की सदस्यता दोनों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने ये इस्तीफे एक साथ दिए हैं।



एल मुरुगन लंबे समय से केंद्र सरकार में राज्य मंत्री के रूप में काम कर रहे थे। वे सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ-साथ संसदीय मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। दोनों पदों से उन्होंने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। साथ ही उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता भी छोड़ने का फैसला किया है।

चाय पार्टी में विपक्ष ने दिखाई एकजुटता, शाह का पलटवार, कहा-घुसपैठियों को बचाने की कोशिश

एसआईआर और सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ को लेकर विपक्ष का प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को राहुल गांधी के आवास पर चाय पार्टी में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने एकजुटता दिखाई। विपक्षी नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई में हम एकजुट हैं। इधर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राहुल पर करारा वार किया। उन्होंने कहा, राहुल घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे।

राहुल ने दी चुनौती, कहा-लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई में हम एकजुट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग के मामले में अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कहा कि देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली की बहाली तक राजनीतिक और जन प्रतिरोध जारी रहेगा। ▶▶|शेष पेज 4 पर

विरोध-प्रदर्शनों की बनी रणनीति

सूत्रों के मुताबिक, बैठक में कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ विपक्ष के संयुक्त विरोध-प्रदर्शनों और आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने सोमवार को हुए विपक्ष के प्रदर्शन में लोगों की भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि दिल्ली में संभवतः इतनी बड़ी संख्या में लोग पहले कभी सड़क पर नहीं उतरे होंगे।

शाह गरजे, कहा-2029 में लगातार चौथी बार हार के लिए रहें तैयार

देश भर में एसआईआर और चुनाव आयोग के खिलाफ आंदोलन के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पहली बार बयान दिया। गुजरात के निकाय चुनाव में भाजपा .की जीत के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गुजरात में 41 साल बाद भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। शाह ने राहुल गांधी से आत्मनिरीक्षण करने को कहा और सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस की लगातार चुनावी ▶▶|शेष पेज 4 पर



गुजरात में कांग्रेस 41 साल से एक भी चुनाव नहीं जीती

गृह मंत्री शाह ने कहा, गुजरात निकाय चुनावों में आम आदमी पार्टी ने सभी 32 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन हर सीट पर उसकी जमानत जब्त हो गई। कांग्रेस 41 साल से गुजरात में एक भी चुनाव नहीं जीती है। कांग्रेस ने आखिरी चुनाव 1985 में जीता था।

हिरासत में सीजेपी के नेता, भड़के दीपके

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने दावा किया कि जंतर-मंतर जाकर तिरंगा फहराने वाले पार्टी के तीन नेताओं को दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से हिरासत में रखा है। यह कार्रवाई 'अपहरण' के समान है। भारी बैरिकेडिंग और सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बावजूद कॉजपा के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को मंगलवार को जंतर-मंतर पहुंचने के बाद पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

राहुल और कांग्रेस को लेकर लगाए आरोप

शाह ने कहा कि राहुल गांधी के कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद से भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है। उन्होंने राहुल गांधी के विपक्षी दलों को एकजुट करने के प्रयासों पर भी सवाल उठाया। शाह ने कहा कि 14 पार्टियों के कार्यकर्ताओं को इकट्ठा करने और आठ हजार लोगों की भीड़ जुटाने से कोई देश की आवाज नहीं बन जाता।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने मांगा सबूत

वोट चोरी तो कांग्रेस छह सीएम से दिलवाए इस्तीफा

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि राहुल गांधी रोज चुनाव आयोग पर गंभीर और झूठे आरोप लगाते हैं, लेकिन बार-बार मांगने पर भी एक भी हलफनामा या ठोस सबूत पेश नहीं करते। गोयल ने राहुल गांधी के व्यवहार की आलोचना करते हुए कहा कि केवल एक डरपोक और कायर व्यक्ति ही बिना जिम्मेदारी उठाए बेबुनियाद आरोप लगाकर भाग जाता है। उन्होंने राहुल गांधी को खुली चुनौती दी कि यदि उनमें हिम्मत है तो वे अपने आरोपों के समर्थन में चुनाव आयोग या अदालत के सामने शपथ पत्र पर सबूत पेश करें। उन्होंने कहा कि यदि एसआईआर में वोट चोरी हुई है तो कांग्रेस अपने और अपने समर्थित राज्यों के 6 मुख्यमंत्रियों से इस्तीफा दिलवाए।



राहुल से गोयल के सवाल

1. वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा क्यों नहीं दिया
2. बिहार में एसआईआर के दौरान चुप क्यों रहे
3. चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सवाल क्यों
4. कांग्रेस नेताओं ने एसआईआर की तारीफ क्यों की
5. टीकाराम मीणा को कांग्रेस की समिति में जगह क्यों मिली
6. रतन यू. केलकर को मुख्यमंत्री का सचिव क्यों बनाया गया

PHILIPS

सोने पे डबल सुहागा
11 अक्टूबर से 11 नवंबर तक

₹फ्री* टी एंड कॉफी कंटेनर सेट MRP ₹1495



फ्री* जेट फैन MRP ₹4995



फ्री* लीफ़ प्लैटर MRP ₹2995



हर घंटे सोना और हर दिन डायमंड जीतने का मौक़ा*
+ सुनिश्चित उपहार#

रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें*

**ऑफर चुनिंदा मॉडलों पर 11 अक्टूबर से 11 नवंबर 2026 तक या स्टॉक रहने तक मान्य है। नियम व शर्तें लागू। विस्तृत विवरण के लिए देखें: www.domesticappliances.philips.co.in/pages/sone-pe-double-suhaga-tnc. सभी चित्र उदाहरण मात्र हैं। "घंटे" यानी हर दिन 8 घंटे की अवधि.

सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स आउटलेट्स में उपलब्ध | croma A TATA Enterprise | digital | @philipshomelivingindia | @smartcookingbyphilips | www.domesticappliances.philips.co.in | 1800 572 1800

AVAILABLE AT ALL LOTUS ELECTRONICS STORES
DEALERS AKOLA: MITTAL ELECTRONICS - 9823010413; AMRAVATI: DIAMOND ELECTRICALS - 9767201777; KEDIA TRADERS - 9822570405; MATOOSHREE CROCKERIES - 9822707142; MODERN ELECTRICALS - 8600050015; RATHOD STORES - 7212673454; SUSHMA STORES - 7212578124; BHILAI: NTC APPLIANCES - 9479201371; BILASPUR: AKASH STORES - 9826825901; KAPOOR CHAND & SONS - 9685005500; KOHLI STORE - 9981273636; CHANDRAPUR: HASAN ELECTRICALS - 9890733786; KORBA: PUSHPAK ELECTRONICS - 9425532295; NAGPUR: ASHRAY SALES - 9850371613; BAPAT SHOP - 9665555816; BHAGWATI ELECTRONICS - 7757076469; M/S PANDE GENERAL AGENCY - 9326080399; PALLAVI - 9595494212; ROOPAM TRADERS - 9657875139; SATHE METALWARES - 9823034477; TAORI MARKETING - 9604020200; RAIGARH: TULSI DIGITAL - 9692576629; RAIPUR: AMIT SALES - 9827143246; BALAJI KITCHEN MART - 9827900476; COOKER HOSPITAL - 7999205009; ISHA KITCHEN - 7389722515; SHREE AMIT SALES - 8818893000; SURESH BROTHER - 9827162529; SURANA SONS - 9424200057; UNIVERSAL SERVICES - 6263424296.

धार्मिक
डा. राजेश पांडेय

मल्हारवासिनी मां डिंडिनेश्वरी देवी की महिमा है निराली



छत्तीसगढ़ प्रदेश के न्यायधानी बिलासपुर जिला मस्तूरी जनपद पंचायत का एकमात्र नगर पंचायत मल्हारगढ़ है जो ऐतिहासिक धार्मिक पुरातात्विक पर्यटन नगरी के नाम पर भारत देश में नहीं अपितु विश्व पटल पर अपना नाम से जाना जाता है। नगर के पूर्व दिशा में एक सफेद रंग के मंदिर के भीतर 4 फीट ऊंची 5 क्विंटल वजनी काले ग्रेनाइट के पत्थर से दसवीं शताब्दी में निर्मित एक देवी तपोमुद्रा में ध्यान मग्न है, जो सिंह के छाला में बैठी है पीछे उसके चक्र जैसे प्रभामंडल बना हुआ है। आजू-बाजू नीचे नौ देवियां अंकित है। स्थानीय लोग इसे डिडिन के नाम से जानते हैं बाहर में इसे डिंडिनेश्वरी देवी कहा जाने लगा। यह मूर्ति कलचुरी कालीन का सुंदर अनुपम उदाहरण है। यह मूर्ति 18 अप्रैल 1991 को चोरी होकर उत्तर प्रदेश के मैनपुरी चली गई थी जिसे खोजबीन करने के बाद फिर से मिलने पर 7 जून को प्राण प्रतिष्ठा करके स्थापित किया गया। दोनों नवरात्रि पर तेल घी का अखंड ज्योति कलश हजारों के संख्या में प्रज्वलित होते हैं।यहां आने वाले श्रद्धालु अपनी मनोकामना हेतु सूखा नारियल को लाल रंग के चुनरी में बंधवाते हैं, मनोकामना पूरी होने पर नारियल तोड़ कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर के पीछे माताजी के रक्षक शिवजी स्वरूप काल भैरवजी विराजमान हैं। माता की मूर्ति अनुपम, अलौकिक व दिव्य है। माता के मस्तिष्क पर त्रिनेत्र है तथा माता दिन में तीन बार स्वरूप को बदलती है।



परब विशेष
गौकरण मानिकपुरी

छुरा रियासत की आराध्य देवी रहीं मडेली गंगई माता



छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिला अंतर्गत छुरा जनपद क्षेत्र शाह राजाओं का राज्य हुआ करता था, यहां उनके वंशज राजा ओंकार सिंह शाह के राजमहल में नवरात्रि में माता दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना के साथ ही राजशाही दशहरा का आयोजन किया जाता था जो आज भी जारी है। उनकी पीढ़ी इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए छतर शाह , नागेन्द्र, त्रिलोक और बिजेंद्र शाह आज भी वर्ष में होने वाले परब में गंगई माता की पूजा अर्चना करने सपरिवार ग्राम बिहा झोला मडेली खाली पैर पहुंचते हैं। देवी स्थल गरियाबंद जिले के छुरा जनपद क्षेत्र से पश्चिम दिशा में 12 कि मी और राजिम से पूर्व दिशा में केवल 35 कि मी दूरी पर स्थित है। यहां कई गांव के लोग मिल कर समिति निर्माण कर दोनों नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित करते हैं। वर्तमान में माता गंगई ग्राम खडमा या खाडादेव से लगा हुआ मडेली और बोईरगांव के बिहा झोला नामक जंगल में विराजमान हैं,जो 200 वर्षों पूर्व बसाहट रहे अब विरान गांव हो चुका है। अभी यहां पुराने घरों के खंडहर नुमा टीला, अनेक देवी देवताओं के मूर्तियों के अवशेष बिखरी अवस्था में देखे जा सकते हैं।

परंपरा
बिहारी लाल तारम

जोत जवारा में महत्वपूर्ण बिरही भिगोना



छत्तीसगढ़ी समाज में आज भी नारी के देवी स्वरुप की पूजा की जाती है। चैत और क्वांर महीने के नवरात्रि पर्व पर जंवारा बोने की परंपरा है, जिसमें नारी शक्ति की पूजा करते हैं। जंवारा में पांच या सात प्रकार के अनाज गेहूं, जौ, कोदो, चना तथा तिली आदि के बीज होते हैं। कहीं कहीं केवल गेहूं के ही बीज होते हैं। बीज को बोने के एक दिन पहले भिगोकर रख देते हैं, इसे बिरही कहा जाता है। जंवारा के प्रथम दिन देवी का आव्हान कर उनकी स्थापना की जाती है तथा बिरही(भीगा हुआ अनाज) को टोकरी में बोया जाता है। जब अन्न का यह बीज अंकुरित होकर लहलहाने लगता है तब इन्हें जंवारा कहा जाता है। जंवारा बोने को जग रचना भी कहते हैं। यह एक तरह से लोक यज्ञ है, जिसमें जंवारा को रक्त पूजा वाली देवी मानी जाती है। इस अवसर पर देवी माता को प्रसन्न करने के लिए जस, पचरा, उम्हा गीत गाए जाते हैं. एक उदाहरण स्वरुप उम्हा गीत -

तोर पाए पोटारे लइका वो... तोर शरण म आएन मइया।
तोर खेलाये कुदाए लइका वो... तोर शरण म आएन मइया।
कोन जुग आए राम लखन, अउ कोन जुग किसन कन्हैया।
कोन जुग आए संकर भोला... सबो के लागव पइया।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

फुलझर राज्य में काफी मान्यता रही फुलझरीन देवी की

परब विशेष
डा. राघवेन्द्र कुमार 'राज'



प्राचीन फुलझर-सुन्दरिका राज्य के उत्तरी सीमा पर आंवला चक्का पोटापारा की पहाड़ी पर सुंदरा दाई की मान्यता है। उक्त पहाड़ी पर एक गुफा में सामान्य प्रस्तर खंड को सुंदरा दाई के नाम से पूजा अर्चना की जाती है। फुलझर का उत्तरी क्षेत्र आज भी सुन्दरा दाई की मान्यता को उत्साह से मनाते आ रहा है। साथ ही बहुत से ग्रामों में सुंदरा दाई की पूजा होती है। प्रतीत होता है कि सुंदरिका नामकरण के मूल में अर्थात दीर्घ अंतराल के कारण सुंदरिका नाम ही सुंदरा दाई के नाम से व्यवहृत होने लगा होगा। पश्चात्यकालीन शासन काल में राज्य के फुलझर नाम को भी 'फुलझरीन देवी' के रूप में स्वीकार कर लिया गया। कथनानुसार पूर्व में इस पहाड़ी पर ऋषि-मुनियों का निवास था, आज भी लोग उनकी उपस्थिति को स्वीकारते हैं, निश्छल, निष्कपट भक्तों को दर्शन भी देते हैं। इस पहाड़ी क्षेत्र को आंवला चक्का के नाम से जाना जाता है तथा इसके किनारे आंवला चक्का नामक एक ग्राम भी है। प्रतीत होता है कि यह पहाड़ी क्षेत्र पूर्व में आंवला वन के नाम से प्रसिद्ध रहा होगा। इस गुफा में सुंदरा दाई नामक देवी की उपासना के पीछे क्या कारण रहा होगा अज्ञात है। संभवतः सुंद वंशीय राक्षसों ने इस गुफा में अपना निवास रखा होगा। साथ ही उन्होंने कुल रक्षा के लिए किसी देवी की यहां पर स्थापना की होगी। पूर्व में राक्षस एवं सामान्यजन भी अपनी एवं कुल रक्षा के लिए किसी न किसी शक्ति की उपासना करते थे तथा उन्हें इष्ट मानते थे- उक्त परंपरा आज भी जीवंत है। शक्ति उपासना का स्वरूप मुख्य रूप से तांत्रिक एवं सात्विक होते थे। राक्षसों में तांत्रिक एवं बलिदान का महत्व अधिक होता था। शक्ति उपासना का महत्व एवं प्रभाव असुर एवं सामान्य जनों में एक सा रहता था।



दुख हरती हैं बूढ़ी माई

आस्था
तिलकेशवरी पठारे

छत्तीसगढ़ प्रारंभ से ही धार्मिक आस्था का केंद्र रहा है। यहां की पावन धरा में वैभव कालीन सभ्यता संस्कृति के अवशेष देखने को मिलते है। इन्ही में से एक है बालोद जिले के लौह नगरी के नाम से प्रसिद्ध दल्ली राजहरा में रेल्वे कालोनी की शीतला बूढ़ी माँ का मंदिर। स्थानीय लोगों के अनुसार दल्ली राजहरा का रेल्वे स्टेशन 1955-56 में बना तब से यहाँ माता का मंदिर है। इस मंदिर में शीतला बूढ़ी माँ का केवल मुख विद्यमान है जिसकी पूजा तांत्रिक विधि से की जाती हैं। चैत्र और शारदीय नवरात्रि में माता मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। भक्त यहां अपनी मनोकामना लिए दूर दूर से आते हैं और मनोवांछित फल मिलने पर ज्योति कलश प्रज्वलित कराते हैं। इस मंदिर में दूर दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन को आते है इस मंदिर में जिन्हें शारीरिक मानसिक परेशानी से ग्रस्त एवं संतान कमना के लिए भक्त माता के दरबार मे मत्था टेकने आते है माता रानी उनकी हर मनोकामना पूरी करती हैं। इस मंदिर में शीतला बूढ़ी माँ के साथ ही कुँवारी शीतल माता की प्रतिमा शिव जी , हनुमान जी , राधा कृष्ण और साई बाबा की प्रतिमा स्थापित है। सार्वजनिक स्थल पर मंदिर होने के कारण भक्तों की वर्ष भर भीड़ देखी जाती है, साथ ही विविध धार्मिक आयोजन भी होते रहते हैं।

आस्थाः डा. मुक्ति बैस

दशहरा के दिन ही खुलता है कंकाली मठ का कपाट



रायपुर शहर के मध्य में पुरानी बस्ती से लगा कंकाली पारा में माता कंकाली वर्षो पुरानी इतिहास को सजोये हुए हैं। यहां की पूजा परंपरा भी भिन्न है। बताया जाता है कि प्राचीन काल में इस स्थान पर नागा साधु कंकालों के मध्य देवी की पूजा करते थे, इसलिए देवी का नाम माता कंकाली हुआ। उस काल में यह क्षेत्र घने जंगलों से घिरा हुआ था और यहां श्मशान था। नागा साधुओं ने यहां साधना करने के लिए माता की मूर्ति स्थापित किए जो आगे चलकर प्रतिमा की कंकाली मठ के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यहां बाद में और मठ की स्थापना की गई। एक मठ में नागा साधुओं के शस्त्रों को आज भी सहेज कर रखा गया है जो हर वर्ष दशहरे के दिन खुलता है। भक्त भी इस मठ का दर्शन करने पहुंचते हैं। यहां के पुजारी बताते हैं कि ध्यान मुद्रा में कई नागा साधुओं ने जीवित समाधि ली है। मठ से लगा एक तालाब है, इस मंदिर के जोत जवारा को इसी तालाब में विसर्जित किया जाता है, तालाब के मध्य में शिव मंदिर स्थापित है। इस तालाब के पानी का भी अधिक महत्व होता है। मठ परंपरा का निर्वहन आज भी इस मंदिर में किया जाता है।

सुरता
आचार्य डा. महेशचंद्र शर्मा

संस्कृतविद् व साहित्य सर्जक डॉ. शोभाकान्त झा

शा.दू. श्रीवै. संस्कृत महाविद्यालय रायपुर के कर्मठ एवं मेधावी छात्र रहे डॉ. शोभाकान्त झा यों तो शालेय शिक्षा विभाग के आचार्यत्व से निवृत्त होने के बाद भी संस्कृत और संस्कृति और साहित्यिक कार्यों में पूरे उत्साह से समर्पित होकर कार्य करते रहे। 'मन न भये दस बीस' और 'समूचे के कवि तुलसी' जैसी अनेकों श्रेष्ठ कृतियों के कर्ता डॉ. झा लेखन के माध्यम से अपनी पहचान बनाई। साहित्यिक समीक्षा गोष्ठियों में भी सक्रिय रहे । अनेक बार लेखन हेतु वे सम्मानित भी हुए। वे शिक्षाविद् के नाते जिस संस्था में भी पदस्थ रहे, संस्कृतोत्थान हेतु हमेशा क्रियाशील रहे। संस्कृत विरोधी प्राचार्यों का उन्होंने खूब विरोध किया। संस्कृत हित में उन्हें भी विरोध झेलना पड़ा, पर वे थके नहीं। आज कई बड़े पदों पर उनके शिष्य प्रतिष्ठित हैं। 'मम व्याकरण पुस्तकम्' जैसी अनेक पाठ्य पुस्तकें लिखने वाले डॉ. झा चाहते थे, संस्कृत में परस्पर संवाद हो, कोई संस्कृत पत्रिका निकले। उनकी सोच थी कि संस्कृत शिक्षक मिशनरी भाव से पढ़ायें तो संस्कृत का, और हम सबका भी उत्थान और विकास होगा। लेखन में भारतीय अंकों के पक्षधर डॉ. झा सम्भागीय संस्कृत परिषद् रायपुर जैसी संस्थाओं की आवश्यकता भी आज के सन्दर्भ में महसूस करते हैं। वे जीवन भर अपनी बात को प्रमुखता से लोगों को कहते थे कि भाषण नहीं, अपितु संस्कृत हेतु ठोस और रचनात्मक कार्य होना चाहिये।



जनजाति विशेषः डा. फूलदास महंत

छत्तीसगढ़ में अधिवासित पनिका पनका जाति समुदाय में नवाखाई, 5 पेड़ों की पूजा, अधिष्ठात्री देवी पूजा, मरी माई कुल देवी जिसे मुरखोरी कहा जाता है विशेष रूप से पूजा की जाती है। पितर पक्ष में पितरों के साथ घर की कुलदेवियां की भी पूजा विशेष रूप से क्वांर महीने के अमावस्या में सिद्धि के लिए गुप्त रूप से की जाती है । बस्तर में मोरेंगा क्षेत्र की पनिका पनका समाज की गरीब कुंवारी कन्या की पूजा 'काछीन गादी देवी' के रूप में की जाती है। यह परंपरा जनजाति संस्कृति का मुख्य अंग है,जिसे बस्तर नरेश विगत 600वर्षों से निर्वहन करते आ रहे हैं ।

बस्तर दशहरा में पनिका जाति की कुंवारी कन्या काछिन गादी देवी के रूप में पूजी जाती हैं

छत्तीसगढ़ के पूरे 33 जिलों में पिछड़ा वर्ग में, उड़ीसा में अनुसूचित जाति,आसाम में पिछड़ा वर्ग इस तरह द्रविड़ मूल आदिवासी अनुसूचित जनजाति पनिका पनका को भारत शासन और राज्य शासन ने अलग अलग वर्गों में बांट कर रख दिया गया है,जबकि यह जाति भारत के सबसे प्राचीन मूल आदीवासी समुदाय है ।1

पनिका, पनका जाति का इतिहास हड़प्पा संस्कृति से पणी पेनू (पाणिकाओ की अधिष्ठात्री देवी के शक्ति की देवी) की पूजा हर क्षेत्र में विजय प्राप्त करने,मानव समुदाय की खुशहाली के लिए किया जाता है, जिसका साक्ष्य



छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर दशहरा में पनिका पनका जाति की कुंवारी कन्या की पूजा बस्तर के राजा के द्वारा रकाछिन या काछन देवी पूजा महोत्सवरके रूप में विश्व प्रसिद्ध 75 दिवस तक चलने वाला दशहरा मेला से जोड़ देता है। इस जाति का मूल देव पणी देव है। पनिका समुदाय अपने इतिहास में यह मानना है कि पानी से ही हमारी उत्पत्ति हुई है। छत्तीसगढ़ में अधिवासित पनिका पनका जाति समुदाय में नवाखाई, 5 पेड़ों की पूजा, अधिष्ठात्री देवी पूजा, मरी माई कुल देवी जिसे मुरखोरी कहा जाता है विशेष रूप से पूजा की जाती है। पितर पक्ष में पितरों के साथ घर की कुलदेवियां की भी पूजा विशेष रूप से क्वांर महीने के अमावस्या में सिद्धि के लिए गुप्त रूप से की जाती है । बस्तर में मोरेंगा क्षेत्र की पनिका पनका समाज की गरीब कुंवारी कन्या की पूजा काछीन गादी देवी के रूप में की जाती है।यह परंपरा जनजाति संस्कृति का मुख्य अंग है,जिसे बस्तर नरेश विगत 600 वर्षों से निर्वहन करते आ रहे हैं । पनिका पनका जाति का मुख्य व्यवसाय खेती किसानी और बुनकरी का रहा है।आज की स्थिति में पनिका जाति अपनी सांस्कृतिक जीवन शैली में एक बड़ी परिवर्तन कर ली है । पनिका पनका पंखा मूलतः द्रविड़ मूल आदिवासी अनुसूचित जनजाति ही हैं इतिहास के पन्नो और सरकारी दस्तावेज, परीक्षण, संकल्प तथा न्यायालय ने भी सिद्ध कर दिया है ।

रायपुर
बुधवार 14 अक्टूबर 2026
आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 25, अंक : 85
पृष्ठ : 14+8 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.2
न्यून. 23.6

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

खबर संक्षेप

ट्रक से 735 किलो गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

भोपाल। मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में पुलिस ने एक ट्रक से 735 किलोग्राम गांजा जब्त कर चालक और उसके सहायक को गिरफ्तार किया है। जब्त सामग्री का कुल मूल्य 1.13 करोड़ रुपये आंका गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात गश्त के दौरान जयसिंहनगर थाना पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रक को रोका। तलाशी लेने पर उसमें 18 बोरियों और 81 पैकेट में गांजा भरा मिला। पुलिस ने ट्रक और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

उत्तराखंड में तंबाकू, पान मसाला पर प्रतिबंध

देहरादून। उत्तराखंड में मंगलवार को तंबाकू तथा निकोटीन युक्त गुटका, पान मसाला तथा इनका प्रयोग कर बने अन्य खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गयी। जन स्वास्थ्य को देखते हुए किसी भी नाम से बाजार में उपलब्ध तंबाकू तथा निकोटीन युक्त गुटका, पान मसाला या अन्य खाद्य पदार्थ के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं बिक्री को संपूर्ण राज्य में आदेश जारी होने की तिथि से अगले एक साल तक की अवधि के लिए प्रतिबंधित किया जाता है।

तीसवीं मंजिल से कूदा सॉफ्टवेयर कर्मी

हैदराबाद। हैदराबाद में 29 वर्षीय सॉफ्टवेयर कर्मी की एक अपार्टमेंट की 30वीं मंजिल से कथित तौर पर कूदने से मौत हो गई। घटना सोमवार रात नानकरामगुडा इलाके में हुई और कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान भरत के रूप में हुई है। वह बेंगलुरु की एक आईटी कंपनी में काम करता था और अपने दोस्त से मिलने हैदराबाद आया था। वह अपने दोस्त के अपार्टमेंट में ठहरा हुआ था। पुलिस को एक कथित सुसाइड नोट मिला है, जिसमें भरत ने अपने माता-पिता से माफी मांगी है। हालांकि, नोट में भरत ने जान देने की स्पष्ट वजह का उल्लेख नहीं किया है।

रनवे में चल रहा थी मरम्मत, दिल्ली, इंदौर की फ्लाइट नागपुर डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के रनवे में मरम्मत का काम चलने की वजह से शाम के शेड्यूल में आई दिल्ली और इंदौर की फ्लाइट को नागपुर एयरपोर्ट में लैंड कराया गया। काम पूरा होने के बाद रात 9 बजे के बाद दोनों फ्लाइट वापस आई। विमान डायवर्ट होने के कारण यात्रियों को करीब दो घंटे अतिरिक्त रूप से इंतजार करना पड़ा।

खास खबर

एयरपोर्ट प्रबंधन की टीम को निरीक्षण के दौरान रनवे के एक हिस्से में मरम्मत की आवश्यकता महसूस हुई थी। यात्रा के दौरान जोखिम को ध्यान में रखते हुए बिना समय गंवाए उन्होंने रनवे की उस हिस्से की मरम्मत का काम शुरू किया। बताया जाता है कि शाम के शेड्यूल में काम के दौरान दिल्ली और इंदौर से उड़ान भरकर इंडिगो की रायपुर पहुंची थी। यहां के एटीसी ने उन्हें उतरने के बजाए नजदीकी एयरपोर्ट नागपुर में लैंड होने की सलाह दी। एयरपोर्ट के ऊपर चक्कर लगाकर दोनों फ्लाइट नागपुर पहुंची। इस दौरान यात्रियों को प्लाइट के डायवर्ट होने के बारे में जानकारी दे दी गई थी। मरम्मत का काम पूरा होने के बाद एटीसी की अनुमति से दोनों फ्लाइट रात नौ और सवा नौ बजे रायपुर पहुंची। एयरपोर्ट प्रबंधन के मुताबिक रनवे में आया पेंच जोखिम का कारण बन सकता था, इसलिए इसकी मरम्मत का काम तत्काल पूरा कराया गया।

रात नौ बजे के बाद लौटी, दो घंटे करना पड़ा इंतजार

एयर इंडिया की फ्लाइट रद्द

मंगलवार को दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के बीच संचालित होने वाली एयर इंडिया की एक उड़ान को तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए रद्द कर दिया गया। यह फ्लाइट एआई2653 दोपहर 12.10 बजे दिल्ली से रवाना होकर दोपहर 2 बजे रायपुर पहुंचती है। इस फ्लाइट का संचालन नहीं होने की वजह से विमान के यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से यात्रा की सुविधा दी गई। दोनों शहर के बीच एयर इंडिया की तीन फ्लाइट संचालित होती है।



विमान में सवार थे कई दिग्गज नेता

इस फ्लाइट में दिल्ली से लौट रहे छत्तीसगढ़ के कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और विधायक सवार थे। फ्लाइट के अचानक डायवर्ट होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि जैसे ही विमान की लैंडिंग रायपुर में नहीं हुई तो यात्री घबरा गए। हालांकि विमान प्रबंधन की ओर से यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के लिए आश्वस्त किया। नागपुर से रायपुर लौटने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

केंद्र सरकार ने टाला फैसला, व्यापारियों के लिए एक बड़ी राहत

दिवाली तक...यूपीआई लेनदेन पर नहीं लगेगा एमडीआर चार्ज

फेस्टिव सीजन के चलते लिया गया बड़ा फैसला

अब दिवाली के बाद लगेगा 0.4 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यूपीआई पेमेंट्स का इस्तेमाल करने वाले व्यापारियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। एनपीसीआई के नोटिफिकेशन में साफ कहा गया है कि यूपीआई लेनदेन पर लगने वाले मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) की डेडलाइन को 15 अक्टूबर से बढ़ाकर दीवाली के बाद करने का ऐलान किया गया है। इस फैसले से उन लाखों छोटे-बड़े व्यापारियों को एक बड़ा सुकून मिला है, जो डिजिटल पेमेंट पर संभावित चार्ज लगने की आशंका से चिंतित थे।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने मंगलवार को यूपीआई उपयोगकर्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 2,000 रुपए से अधिक के लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) लगाने का फैसला टाल दिया। एनपीसीआई की पिछले महीने जारी अधिसूचना के अनुसार, 15 अक्टूबर से 2,000 रुपए से अधिक के व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) को होने वाले यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत शुल्क (एमडीआर) लगाया जाना था।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने मंगलवार को बयान में कहा, यूपीआई और सेवा संचालन समिति ने आज फैसला किया कि त्योहारों को ध्यान में रखते हुए, व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) को होने वाले यूपीआई भुगतान पर 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' दिवाली के तुरंत बाद लागू किया जाएगा। इसकी तारीख अलग से अधिसूचित की जाएगी। एमडीआर का भुगतान ग्राहकों को नहीं, बल्कि व्यापारियों को करना होगा। 75,000 रुपए या इससे अधिक के लेनदेन पर इसकी अधिकतम सीमा 300 रुपए तय की गई है।

2 हजार पर लगना था 0.4% का शुल्क

हाल ही में सरकार ने यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर वसूलने की अनुमति दी थी। इस नियम के तहत 2,000 से अधिक के डिजिटल लेनदेन पर 0.4% का शुल्क (एमडीआर) तय किया गया था। यह शुल्क व्यापारियों से लिए जाने की बात कही गई, जिससे पेमेंट गेटवे और पेटीएम/मोबिक्विक जैसी कंपनियों को राजस्व में बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। पिछले महीने जब इस फैसले का ऐलान हुआ था, तब इन फिनटेक कंपनियों के शेयरों में जोरदार तेजी देखी गई थी।



क्यों लिया गया फैसला?

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने कहा कि यह देरी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए की गई है। यह फीस हिंदू त्योहार के ठीक बाद एक ऐसी तारीख पर लागू की जाएगी जिसकी जानकारी अलग से दी जाएगी। दीवाली आमतौर पर एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में ग्राहकों के खर्च का सबसे बड़ा समय होता है।

कैट ने किया स्वागत

कैट ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित एमडीआर शुल्क लगाने के फैसले को टालने का सरकार का कदम 'समय के अनुकूल और व्यावहारिक' है। यह फैसला ऐसे समय में और महत्वपूर्ण हो जाता है जब त्योहारों और शादियों के मद्देनजर लाखों व्यापारी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम अधिक कारोबार की उम्मीद करते हैं।

रुपए में गिरावट की वजह बाहरी कारक : सीतारमण

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरती कीमत पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि इसकी प्रमुख वजहें बाहरी हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रुपए में अत्यधिक और अचानक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए लगातार कदम उठा रहा है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में वैश्विक अनिश्चितताओं का असर भारतीय मुद्रा पर पड़ा है। ऐसी परिस्थितियों में आरबीआई बाजार की गतिविधियों पर नजर रखते हुए जरूरी कदम उठा रहा है।

शेयर बाजार में उछाल

डॉलर के मुकाबले रुपए में सुधार और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर के बारे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की टिप्पणी से बनी सकारात्मक धारणा से घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को जोरदार वापसी की। सेंसेक्स 1,109 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी 22,720 अंक के ऊपर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,109.10 अंक यानी 1.54 प्रतिशत चढ़कर 73,033.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,120.99 अंक उछलकर 73,045.67 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स में यह किसी एकल कारोबारी सत्र की चार महीने की सबसे बड़ी बढ़त है। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 358.60 अंक यानी 1.60 प्रतिशत बढ़कर 22,721.95 अंक पर बंद हुआ। यह दो महीने से अधिक समय में निफ्टी की सबसे बड़ी एकदिवसीय बढ़त है। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर अनुकूल तिमाही नतीजों के बाद सबसे अधिक 8.28 प्रतिशत चढ़ गया।

बिहार के हाजीपुर में हादसा

गंगा में नाव पलटने से 13 की गई जान



एजेंसी ▶▶| हाजीपुर

बिहार के जिला मुख्यालय हाजीपुर के समीप राघोपुर थाना क्षेत्र के रामपुर श्यामचंद गांव के पास मंगलवार देर शाम गंगा नदी में एक नाव असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में कम से कम 13 लोगों की डूबने से मौत होने की आशंका है। वहीं, 5 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। इस नाव पर 15 से ज्यादा लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि मृतकों में ज्यादातर बच्चे शामिल हैं। बिहार सरकार ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये आर्थिक मदद का ऐलान किया है।

चिराग के संसदीय तेजस्वी के विस क्षेत्र में हादसा

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी नाव हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राघोपुर दियारा में नाव हादसे में कई लोगों की मौत की खबर बेहद पीड़ादायक और हृदयविदारक है। चिराग ने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना जताई। वहीं बिहार के पूर्व सीएम तेजस्वी यादव ने भी शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदनाएं जताईं। हादसा तेजस्वी के विधानसभा क्षेत्र राघोपुर के रामपुर श्यामचंद गांव के पास हुआ।

सीएम चौधरी ने किया मुआवजे का ऐलान

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी नाव हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

चाकू लेकर बनर्जी के पास आई

ममता पर हमले की कोशिश नाकाम, हिरासत में महिला

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास के पास मंगलवार को दुर्गा पूजा का उद्घाटन करने जाते समय चाकू लेकर एक महिला ने कथित तौर पर धमकी भरे अंदाज में उनके पास पहुंचने की कोशिश की। इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया गया है। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता डोला सेन ने शिकायत में आरोप लगाया कि यह घटना मंगलवार शाम करीब छह बजे हुई।



आरोपी महिला से हो रही पूछताछ

पुलिस अधिकारी ने कहा, हम महिला से पूछताछ कर रहे हैं और उसके इस व्यवहार के पीछे की वजह जानने की कोशिश कर रहे हैं। हम घटना के वीडियो फुटेज की भी जांच कर रहे हैं।

गोखले ने कहा, चौंकाने वाली खबर

ममता बनर्जी की पार्टी के नेता साकेत गोखले ने इस घटना को 'चौंकाने वाली खबर' बताते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि 'नशे की आदी एक महिला' ममता बनर्जी के आवास तक पहुंची और चाकू से उन पर हमला करने की कोशिश की।

बड़ी तैयारी: सड़कों का बनेगा दीर्घकालिक मास्टर प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सड़क, भवन और सार्वजनिक अधोसंरचना के विकास को दीर्घकालिक जरूरतों से जोड़ने की तैयारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूंजीगत निवेश का लाभ प्रदेश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने सड़क नेटवर्क के विस्तार के लिए दीर्घकालिक मास्टर प्लान तैयार करने, ▶▶शेष पेज 4 पर

- सीएम साय ने दिए निर्देश, बजट से निर्माण और रखरखाव तक हर चरण की तय होगी समय-सीमा



आधुनिक तकनीक से होगी निगरानी

मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन के तहत परियोजनाओं की योजना, वित्तपोषण, स्वीकृति, निविदा, निर्माण, निगरानी और रखरखाव की प्रक्रियाओं में सुधार की दिशा में काम किया जाएगा। बैठक में एकीकृत डिजिटल व्यवस्था विकसित करने पर भी चर्चा हुई, जिससे विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति की निगरानी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अन्य राज्यों में अपनाई जा रही श्रेष्ठ निर्माण तकनीकों और कार्यप्रणालियों का अध्ययन कर उन्हें छत्तीसगढ़ की जरूरतों के अनुरूप लागू करने के निर्देश दिए।



लॉक करके घर जाने वाले बीएमडब्ल्यू मालिक को अब मिली राहत

पंक्चर हुई बीएमडब्ल्यू, कोर्ट पहुंच गया मालिक...14 साल बाद इंश्योरेंस कंपनी भरेगी 70 लाख का जुर्माना

बीमा कपंनी की दलील थी कि पंक्चर हुई बीएमडब्ल्यू को बिना देख-रेख के नहीं छोड़ना चाहिए था

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रात के अंधेरे में हाईवे पर कार पंक्चर होने के बाद उसे लॉक करके घर जाना एक बीएमडब्ल्यू मालिक को भारी पड़ गया, जब अगले दिन कार जली हुई मिली और इंश्योरेंस कंपनी ने क्लेम देने से इनकार कर दिया। हालांकि, 14 साल की लंबी लड़ाई के बाद आखिरकर इंश्योरेंस कंपनी को अब मुआवजा देना पड़ेगा। दरअसल, इंश्योरेंस कंपनी यूनाइटेड इंडिया

बड़ा फैसला



इंश्योरेंस ने तर्क दिया था कि उस व्यक्ति को पंक्चर हुई बीएमडब्ल्यू को बिना देख-रेख के नहीं छोड़ना चाहिए था। हालांकि, महाराष्ट्र के कंज्यूमर कमीशन ने कंपनी के तर्कों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि गाड़ी की सुरक्षा के लिए कोई अपनी निजी सुरक्षा जोखिम में नहीं डाल सकता। कंज्यूमर कमीशन ने पीड़ित को मानसिक उत्पीड़न और कानूनी खर्च के मुआवजे के साथ 70.75 लाख का भुगतान करने का कड़ा आदेश सुनाया है।

2012 की है घटना

यह घटना साल 2012 की है, जब महाराष्ट्र के ढोलखेड़ के पास एक स्टेट हाईवे पर गाड़ी चला रहे रविकांत एस. की बीएमडब्ल्यू कार पंक्चर हो गई। उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे एक ढाबे के पास खड़ी कर लॉक की और दूसरी गाड़ी से घर चले गए। अगले दिन सुबह जब ढाबे के पास वह कार लेने पहुंचे तो उन्हें कार पूरी तरह जली हुई मिली।

सिर्फ गाड़ी की सुरक्षा के लिए अपनी निजी सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता

इसके बाद यह मामला कंज्यूमर कोर्ट में चला गया। कंज्यूमर कमीशन ने यह भी कहा कि सिर्फ गाड़ी की सुरक्षा के लिए अपनी निजी सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को मानसिक परेशानी और उत्पीड़न के लिए 50,000 रुपए और कानूनी कार्यवाही के खर्च के तौर पर 25,000 रुपए देने का भी निर्देश दिया गया। इस तरह, ब्याज को छोड़कर कुल भुगतान राशि 70.75 लाख रुपए हो गई।

शाह की अध्यक्षता में हुई पहली बिम्सटेक गृह मंत्री बैठक

आतंकवाद और नशा तस्करी के खिलाफ अब साझा रणनीति

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, साइबर अपराध और संगठित अपराध के खिलाफ साझा मोर्चा मजबूत करने की दिशा में भारत ने मंगलवार को महत्वपूर्ण पहल की। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली में बिम्सटेक देशों के गृह मंत्रियों की पहली बैठक आयोजित हुई। इसमें सात सदस्य देशों ने क्षेत्रीय सुरक्षा, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और आपदा प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

यूपीआई पर एमडीआर शुल्क दिवाली तक टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जयराम रमेश का तंज- क्या यू-टर्न पर एक और यू-टर्न की तैयारी?



यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने के फैसले को दिवाली के बाद तक टालने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार से सवाल पूछे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर सरकार के फैसले पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या सरकार अब अपने पहले यू-टर्न से भी पीछे हटने की तैयारी कर रही है? उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले यूपीआई पर एमडीआर लगाने की योजना से इनकार किया था, लेकिन बाद में शुल्क लागू करने का फैसला किया और अब इसे निर्धारित तारीख से ठीक पहले टाल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एमडीआर लागू करने की घोषणा के बाद यूपीआई लेनदेन के आंकड़ों में भी नरमी दर्ज की गई। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त 2026 में यूपीआई के जरिए 24.51 अरब लेनदेन हुए थे, जबकि सितंबर में यह संख्या घटकर 24.07 अरब रह गई। इस तरह मासिक आधार पर लेनदेन की संख्या में करीब 1.8 प्रतिशत की कमी आई। इसी अवधि में यूपीआई लेनदेन का कुल मूल्य भी अगस्त के 29.82 लाख करोड़ रुपये से घटकर सितंबर में 29.37 लाख करोड़ रुपये रह गया, जो लगभग 1.5 प्रतिशत की गिरावट है।

एनपीसीआई ने टाली एमडीआर लागू करने की तारीख

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने 13 अक्टूबर को घोषणा की कि त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए चुनिंदा व्यक्ति-से-व्यापारी (पी2एम) यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लागू करने की व्यवस्था दिवाली के तुरंत बाद लागू की जाएगी। इसके लिए नई तारीख अलग से अधिसूचित की जाएगी। यह व्यवस्था पहले 15 अक्टूबर से लागू होनी थी। हालांकि, इस घोषणा का अर्थ यह नहीं है कि एमडीआर लगाने का फैसला पूरी तरह रद्द कर दिया गया है। फिलहाल इसके लागू होने की तारीख टाली गई है। एनपीसीआई की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, नई तारीख बाद में घोषित की जाएगी।

अकोइजम को हटाने राष्ट्रपति से मिलीं भाजपा सांसद

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। भाजपा की महिला सांसदों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन सौंपकर कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजम को पद से हटाने की मांग की है। अकोइजम पर जेएनयू की 11 छात्राओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, जबकि उन्होंने आरोपों को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है।

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला कार्यालय सूरजपुर (छ.ग.)

क्रमांक / विप. विज्ञापन / 460 / 2026 — सूरजपुर, दिनांक 13.10.2026

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला- सूरजपुर द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में विपणन संघ से संबंधित संग्रहण केन्द्रों में हमाली कार्य हेतु ऑनलाईन ई- निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा सूचना जेम पोर्टल की वेबसाईट में जाकर इच्छुक निविदाकारों के द्वारा भरा जा सकता है। बिड संख्या / Bid Number: GEM / 2026 / B / 8109722 निविदा दिनांक 01.10. 2026 से 22.10.2026 समय 11.00 बजे पूर्वान्ह तक ऑनलाईन भरी जा सकती है। बी. जी / डी. डी. की मूलप्रति निविदा की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जिला कार्यालय सूरजपुर में जमा करना अनिवार्य है। निविदा प्रारूप तथा शर्तों का अवलोकन जेम पोर्टल की वेबसाईट www.gem.gov.in पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु गाईडलाइन के रूप में उपलब्ध है।

जिला विपणन अधिकारी
सूरजपुर

S-49418/1

संचालनालय कृषि, छत्तीसगढ़

इंद्रावती भवन, द्वितीय तल, बी-ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर- 492002
Email ID: diagricg.cg@nic.in, Phone No. : 0771-2511630

क्रमांक/स्था./अ-1-ब/(1)/सी.भ./ दिव्यां. - पार्ट-2 /1408
रायपुर, दिनांक 09/10/2026

विज्ञापन

कृषि विभाग अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के दृष्टि बाधित दिव्यांग श्रेणी हेतु रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 07.10.2026 एवं 08.10.2026 को आवेदकों के मूल प्रमाण-पत्रों के सत्यापन उपरांत अपात्र पाए गए आवेदकों की की सूची विभाग वेबसाईट https://agriportal.cg.nic.in/agridept/AgriHi/ पर उपलब्ध है। अपात्र आवेदक दिनांक 16.10.2026 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में संचालनालय कृषि, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ।

अपर संचालक कृषि
संचालनालय कृषि
रायपुर छ.ग.

G-262703938/1

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLEBILASPUR, CHHATTISGARH

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 318 दिनांक 24.09.2026, 334 दिनांक 29.09.2026 एवं 342 दिनांक 29.09.2026 को अपेन्डिक्स 2.10 की कंडिका 4.6 के तहत अपरिहार्य कारणवश निरस्त किया जाता है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G-262703945/4

कार्यालय जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

Address :- Livelihood college Room No.-1 Govindpur Kanker,
E-mail : livelihoodkanker@gmail.com

// रूचि की अभिव्यक्ति द्वितीय आमंत्रण (EoI) //

क्रमांक/187A/लाई.कॉ.कां./रूचि.अभि./2026-27

कांकेर दिनांक 13 / 10 / 2026

कार्यालय जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ०ग०) में "विभिन्न सेक्टर / कोर्स" में कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु इच्छुक सोसायटी / प्रशिक्षण एजेन्सी / शैक्षणिक संस्थान से द्वितीय रूचि की अभिव्यक्ति (EoI) आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्रपत्र एवं नियम-शर्तों संबंधित प्रारूप तथा कोर्स / सेक्टर की जानकारी जिले के वेबसाईट www.kanker.gov.in से अवलोकन एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि :- 21/10/2026 सायं 05:00 बजे तक
रूचि की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रदर्शन की तिथि :- 22/10/2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत उत्तर बस्तर कांकेर

S-49431/1

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ACE(S&P) DSPM TPS, KORBA EAST, DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. -(07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: scpnw.dspmke@cspc.co.in
(An ISO: 9001-2015, ISO: 14001-2015, OHSMS ISO: 45001-2018, certified power station)

E-TENDER NOTICE NO.3277/2026

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced supplier/bidders for the supply as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East):-

S. N.	Tender Specification No.	RFx No. (E-Tender No.)	Particulars	Qty	Last Date/ Time of submission of bid.	E.M.D. (Rs)	Tender Cost
1.	16-06/DSPM TPS/S&P /CT/T-3358/2026	81000 54726	Procurement of break rigging plate (complete assembly) for BHEL make 700/1400 HP DE Locomotive at CT division of DSPM TPS,Korba East	As per tender schedule	28.10.2026 15:30 Hrs	6860/-	590/-

For more details, Tender schedule, Scope of work/supply, QR & Tender Documents, visit our website:-https://www. cspc.co.in>ebidding> ebidding web portal OR https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal[Helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 05.30 PM on all working days]. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

Superintending Engineer (Prod.)
DSPM TPS: CSPGCL KORBA EAST

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण आदेश

आदेश क्र. / 5223 / व.ले.लि. / 2026-27

कोटा, दिनांक 12/10/2026

निविदा सूचना क्र. 03 / व.ले.लि. / 2026-27 दिनांक 10.06.2026 सिस्टम नं. 192897 (प्रथम आमंत्रण) "बिलासपुर जिले के विकासखण्ड तखतपुर अंतर्गत लोहराघाट व्यवर्तन योजना का शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार एवं शेष नहर लाईनिंग कार्य" अनुमोदित लागत राशि रू. 351.35 लाख की निविदा को मुख्य अभियंता, हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर (छ.ग.) के पत्र क्र. सा-1-130 का-2025/1630 बिलासपुर दिनांक 07.10.2026 (जी नं. 262701364 दिनांक 12.06.2026) के परिपेक्ष्य में उक्त निविदा निरस्त की जाती है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कोटा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

G-262703929/3

रांची छात्र मौत, जांच करेगी केंद्रीय समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

झारखंड के रांची स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) के परिसर में हुई छात्र की मौत के मामले में मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक तीन सदस्यीय जांच समिति के गठन की घोषणा की है। जिसकी अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के साउथ कैंपस की निदेशक प्रो.रजनी अब्बी करेंगी। मंत्रालय ने 13 अक्टूबर को एक बयान के माध्यम से यह जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्रालय ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यों वाली जांच समिति का गठन कर दिया है। जो अपनी पड़ताल के दौरान घटना से जुड़ी तमाम परिस्थितियों और अन्य जरूरी पहलुओं की विस्तृत रूप से जांच करेगी। प्रो.अब्बी के अलावा समिति एक वरिष्ठ मनोचिकित्सक और मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी को दो अन्य सदस्यों के रूप में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि मंत्रालय ने इस घटना के कारणों का अभी तक फिलहाल कोई खुलासा नहीं किया है और समिति द्वारा जांच रिपोर्ट कब तक सौंपी जाएगी? उसके बारे में भी कोई समयसीमा नहीं बताई गई है।

जम्मू कश्मीर के पुंछ में संदिग्ध आतंकी ठिकाने का पर्दाफाश

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षाकर्मियों ने एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने का पर्दाफाश किया है। मंगलवार को पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में संदिग्ध आतंकी गतिविधियों की सूचना अधिकारियों को मिली थी, जिसके बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों को कोई आतंकी तो नहीं मिला, लेकिन एक गुफा से एक हथियार और हैंड ग्रेनेड बरामद हुए। जानकारी के मुताबिक, गुफा से बरामद किए गए सामान में एके-47 राइफल, 30 राउंड गोलियां, छह ग्रेनेड, बैंडेज, बैटरी, टॉर्च और मेडिकल सामग्री शामिल है। इस दौरान कुछ खाने-पीने का सामान भी मिला है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सेना और पुलिस द्वारा सथराबाण के जंगलों में चलाए गए एक संयुक्त सर्च अभियान के दौरान ये हथियार बरामद किए गए।

सीजेपी प्रदर्शन : एक्टर शौरी को मर्डर की धमकी

मुंबई। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सड़क प्रदर्शन का विरोध करने के बाद बॉलीवुड अभिनेता रणवीर शौरी को जान से मारने की धमकी मिली है। 12 अक्टूबर की रात 9:10 बजे उन्हें दो अलग-अलग ईमेल आईडी से धमकी भरे मैसेज भेजे गए, जिनमें सार्वजनिक जगह पर लोहे की रॉड से सिर पर हमला करने की बात कही गई है।

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, रायगढ़ (छ.ग.)

(के. आई. टी. कॉलेज के पास, अग्रसेन आई.टी.आई. के बगल में, उड़िसा रोड, गढ़उमरिया, रायगढ़ छ. ग.)
Email – dplcs-raigarh@cg.gov.in, website- splc.cgstate.gov.in, cssda.cg.nic.in, Phone- 07762-299505

क्रमांक / जिपलाकॉसो / APC - MPBC/2026-27/228 रायगढ़, दिनांक 13/10/2026

संक्षिप्त विज्ञापन प्रारूप

'REQUEST FOR PROPOSAL'

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज के माध्यम से जिले में एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर यूनिट एवं मेडिसिनल प्लांट्स बिजनेस सेंटर स्थापित किये जाने हेतु प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट के चयन हेतु द्वितीय प्रकाशन 'REQUEST FOR PROPOSAL' निर्धारित प्रपत्रों e - Procurement प्रोटल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है । e - Procurement Portal NIT / Tender No. 201501

S. No.	Particulars	Date & Time
1.	Bid Submission Start Date	13.10.2026, 05:00 PM
2.	Pre-bid Meeting / Queries	22.10.2026, 05:00 PM
3.	Last Date for Submission of Tender (Tender Due Date)	02.11.2026, 05:00PM
4.	Bid Opening Date	03.11.2026, 12:00PM

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट https://raigarh.gov.in अथवा e-Procurement प्रोटल मे अवलोकन किया जा सकता है ।

कलेक्टर सह अध्यक्ष
सहायक परियोजना अधिकारी
जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज
सोसायटी, रायगढ़ (छ.ग.)

S-49415/4

जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला-दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)

कलेक्टर कैंपस, पुराना कलेक्टर भवन, जिला शिक्षा कार्यालय दंतेवाड़ा
(mis.dantewada@gmail.com)

क्रं./ 825 / समग्र शिक्षा / ईई / लक्ष्य / 2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांक 13/10 /2026

-:: तृतीय रुचि की अभिव्यक्ति ::-

जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा की ओर से संस्था / फर्म / एजेंसियों से दन्तेवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा जिले के पात्र अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग, छ.ग. लोक सेवा आयोग एवं छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय परीक्षा एवं छ.ग. में अन्य समकक्ष भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा, छ.ग. शिक्षक भर्ती परीक्षा, SSC, RAILWAY, BANKING, की परीक्षाओं की तैयारी के लिए परिणामोन्मुखी अध्यापन सह कोचिंग कार्य कराये जाने हेतु दर प्रस्तुत करने हेतु मोहरबंद तृतीय रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। तृतीय रुचि की अभिव्यक्ति प्रपत्र एवं अन्य शर्तों की जानकारी जिले के वेबसाइट www.dantewada.nic.in में अपलोड कर दी गई है, प्रकाशित रुचि की अभिव्यक्ति जिले के वेबसाइट www.dantewada.nic.in से डाउनलोड कर इच्छुक प्रतिभागी संस्था / फर्म / एजेंसी के द्वारा तृतीय रुचि की अभिव्यक्ति में दिये गये नियम एवं कंडिकाओं के आधार पर आवश्यक दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर, रजिस्टर्ड पोस्ट एवं कोरियर के माध्यम से दिनांक 26/10/2026 तक कार्यालयीन दिवस एवं निर्धारित समय पर कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

क्रमांक	विवरण	तिथि एवं समय	स्थल
1	तृतीय रुचि की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि	26 / 10 / 2026 समय अपरान्ह 12.00 बजे तक	जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला दंतेवाड़ा
2	द्वितीय रुचि की अभिव्यक्ति खोलने की तिथि	26 / 10 / 2026 समय अपरान्ह 2.00 बजे	जिला पंचायत दंतेवाड़ा का सभाकक्ष

जिला मिशन समन्वयक
समग्र शिक्षा, जिला द.ब. दंतेवाड़ा

S-49417/4

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756
Email : response.haribhoomi@gmail.com

Appointment आवश्यकता

ऑपरेटर/मार्केटिंग

अतिशीघ्र आवश्यकता है- 1. कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 15000 से 25000 2. मार्केटिंग ऑफिसर 4,वेतन 25000 से 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालय:प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइल:- 8720005500.(आरे-815)

घरेलु स्टाफ

आवश्यकता है- वीआईपी चौक, तेलीबांधा में घर की साफ़-सफाई एवं सभी घरेलू कार्यों हेतु अनुभवी स्टाफ (पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000.(आरे-114)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- सोना चांदी दुकान में सामान बेचने स्टाफ की आवश्यकता है । पेमेंट 10000 से 20000 तक, माल बेचना सिखा दिया जाएगा, मार्केट में परिचय वाले को प्राथमिकता । संपर्क करें सुरेश ज्वेलर्स हलवाई लाइन रायपुर समय 1 से 8 बजे तक । 9893994319.(आरे-7359)

हरिभूमि क्लासीफाईड

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता हैं वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(आरे-091)

कुक/हेल्पर

आवश्यकता है- नॉन वेज बनाने के लिए कुक, हेल्पर एवं वेटर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क करें :- johnnys cafe , Geekay milestone shop no A7 new rajendra nagar raipur 9993631248.(आरे-971)

आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने हेतु महिला चाहिए। 24 घंटे रहकर कार्य करना होगा। आयु 35–60 वर्ष। स्थान: गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। वेतन 12,000 से 15000 प्रतिमाह। संपर्क: 9826708233.(आरे-SPD/0086)

Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - पायोनियर स्कूल के पास VIP नगर पाटन रोड उतई से 50 मीटर अंदर 2600 स्क्वायर फीट प्लाट बेचना है संपर्क करें 94241-21824, 99079-15088.(आरे - 1385)

प्लाट/मकान

मकान प्लाट बेचना है- रायपुरा गोकुलधाम सोसायटी के सामने भाटागांव रोड 800 वर्गफीट पर भूतल पर निर्मित डायवर्सन मकान सर्व सुविधायुक्त मेंन रोड से लगभग 100 फीट अंदर एवं नया राजधानी से लगा जामगांव अभनपुर में 1000 वर्गफीट डायवर्सन प्लाट भाटागांव भर्री खार 600 वर्गफीट डायवर्सन प्लाट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें। संपर्क मों. नंबर:- P. L. यदु महामाई परा रायपुर. 8827380696, 9754685471, 7389048751, 8435931717.(आरे-226)

बेचना है - रिसाली धनोरा मात्र छाया फेश-2 में 30 x 50= 1500 फिट आवासिय प्लॉट एवंम मैंत्री कुंज पानी टंकी वाले मार्केट में कमर्शियल प्लॉट 25 x60=1500 फिट उपलब्ध है। बेचना है मो.- 91319-80919.(आरे-343)

भूमि/फ्लैट/प्लाट

खाटूश्याम प्रॉपर्टीज- इस त्यौहार करे आपके सपने साकार कृषि भूमि, फ्लैट, घर, प्लॉट सबसे बढ़िया दाम के उपलब्धदुर्ग भिलाई का सबसे भरोसेमंद प्रॉपर्टी डीलर- 73899-02902.(आरे - SPD/0091)



For Rent किराया

किराये से देना है - आवास, गेस्ट हाउस हेतु किराये पर उपलब्ध है अविनाश वुड्स अभनपुर जगदलपुर (छत्तीसगढ़) में सर्वसुविधायुक्त फ्लैट- 3BHK, 3 Toilet, Fully Furnished उपयोग- गेस्ट हाउस/ PG हेतु उपयुक्त संपर्क करें- 9981669720.(आरे-42074)

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी रूप-रंग पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवे व व्यक्तिगत निर्णय लेकर ही सहयोग देवें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (इस प्रकाशक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

हरिभूमि क्लासीफाईड एजेंसी
विज्ञापन हेतु संपर्क करें...

एजेंसी	पता	संपर्क नं.
अतुल पब्लिसिटी	सदर बाजार	94062-00210
ओम विज्ञापन एजेंसी	न्यू राजेन्द्र नगर	93036-90016
मितनिशा एड	रियो कॉम्प्लेक्स देवपुरी	93298-46567
नाईस पब्लिसिटी	शारदा चौक	93002-19536
महेश्वरी पब्लिसिटी	देवेन्द्र नगर	0771-2234113
प्रेमप्रकाश मध्यानी	श्याम नगर/कटोरा तालाब	93294-07988
माँ एड एजेंसी	पी.एस. सिटी	93005-12211
राजेश पब्लिसिटी	समता कालोनी	99263-08899
विजय घोष	पुरानी बस्ती	98261-16051
आदित्य एड एजेंसी	टिकरापारा	93010-51757
देव एड एजेंसी	जयस्तंभ चौक	98268-77609
खन्ना एड एजेंसी	स्टेशन रोड	93001-60001
छत्तीसगढ़ डेल्टा	सुन्दर नगर	92294-96081
सुमीत एड एजेंसी	शहीद स्मारक	98261-61116
शिवम एड एजेंसी	बुधातालाब	93291-00263
ए.के. एड एजेंसी	तात्यापारा चौक	98261-45558
किशोर पब्लिसिटी	छोटापारा	98271-62038
एम्बेसी कार्पोरेट	देवेन्द्र नगर	98267-06506
शांति विजय एड	पचपेड़ी नाका	93001-61001
ए.एस.ए. एड एजेंसी	गुरूनानक चौक	98271-62101
प्रयास एड एजेंसी	श्याम प्लाजा	94062-36209

हरिभूमि कार्यालय, दिनशा हाउस, पुजारी पार्क के सामने रायपुर
फोन- 0771-4242242, 90981-38778



स्वदेशी जहाज 'समर्थक' 16 को नौसेना में होगा शामिल

नई दिल्ली। भारत में बना स्वदेशी जहाज 'समर्थक' 16 अक्टूबर 2026 को भारतीय नौसेना में शामिल होगा। कर्नाटक के कारवार स्थित नौसेना बेस पर इसे शामिल किया जाएगा। लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड ने केंद्र सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत इसे बनाया है। यह नौसेना में शामिल होने वाले चार बहुउद्देशीय जहाजों में पहला है। 'समर्थक' को समुद्र में निगरानी रखने और गश्त लगाने के लिए बनाया गया है। लेकिन यह सिर्फ यही काम नहीं करेगा। आपदा के समय यह राहत और बचाव अभियान में मदद करेगा। साथ ही, बिना ड्राइवर के चलने वाले ड्रोन और दूसरे उपकरणों को समुद्र में तैनात करने के काम भी आएगा।

कार्यालय जिला पंचायत बस्तर (पंचायत अनुभाग) जगदलपुर, जिला-बस्तर, छ.ग.

क्रमांक/2434/जि.पं./पं.अ./2026-27, // विज्ञापन // जगदलपुर दिनांक 13/10/2026

संचालक, पंचायत संचालनालय, छ.ग., नवा रायपुर का पत्र क्रमांक / पंचायत.ESTB-1/1005 / 2026-DIR, नवा रायपुर दिनांक 07 सितम्बर 2026 में दिए गए निर्देशानुसार अनुसार ग्राम पंचायत सचिव की निर्धारित सेवा शर्तों के अधीन निर्धारित अर्हता एवं योग्यता रखने वाले बस्तर जिले के मूल निवासी (सात विकासखण्ड हेतु पात्र एवं इच्छुक) उम्मीदवारों से दिनांक 16 / 11 / 2026 को 5:30 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपना आवेदन पत्र मात्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बस्तर जिला जगदलपुर के पद नाम से प्रेषित किया जा सकता है। विज्ञापित पद का विवरण निम्नानुसार है:-

ग्राम पंचायत सचिव हेतु रिक्त पदों का विवरण

क्र.	पद का नाम	अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	महायोग
1	ग्राम पंचायत सचिव (नवीन ग्राम पंचायत)	15	10	1	44	70

टीपः- विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप बेबसाईड www.bastar.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बस्तरजगदलपुर

S-49410/1

मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता अपर नर्मदा जोन, बरगी हिल्स, जबलपुर

Tel. No. - 0761-2673450FAX No. - 0761-2672373E-mail : caunz.2010@rediffmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

निविदा क्रमांक 317/सा/मु.अ./2026, जबलपुर, दिनांक 09/10/2026

निम्न कार्यों की ऑन लाईन निविदा ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पोर्टल से वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-

निविदा आई.डी. क्रमांक	2026_NVDA_591629_1
कार्य का विवरण	बरगी व्यपवर्तन परियोजना की दांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 63.00 कि.मी. से आर.डी. 83.00 कि.मी. तक के हिस्से की मरम्मत, रखरखाव और सिस्टम सुधार का काम 'टर्न-की' आधार पर किया जाएगा। इसमें नहर के तल (bed) और अंदरूनी व बाहरी ढलानों से झाड़-झंखाड़ हटाना, नहर के तल से गाद (silt) निकालना, ड्रेनेज साइफन, ड्रेनेज कलवर्ट, सुपर पैसेज आदि की सफाई शामिल है। साथ ही, तटबंध और ढलानों को उनकी मूल स्थिति में बहाल करना, नहर की लाइनिंग और अन्य संरचनाओं को तोड़कर फिर से बनाना भी इसमें शामिल है। लाइनिंग के खांचों (grooves) की सफाई और सीलिंग, खराब हो चुके ढलानों पर पत्थर की पिचिंग, क्रॉस ड्रेनेज संरचनाओं के लिए एप्रन लगाना, VRB पर अप्रोच स्लैब का निर्माण, सुपर पैसेज ब्रिज स्लैब और पैरापेट की मरम्मत जैसे काम भी करने होंगे। ये सभी काम MPWRD एवं MPRRDA के डिजाइन, ड्रॉइंग और स्पेसिफिकेशन के अनुसार पूरे किए जाएंगे, जिसमें सभी सामग्री, लेबर, मशीनरी और अन्य खर्च शामिल होंगे। काम का दायरा विस्तृत होगा और इसमें ये सभी चीजें शामिल होंगी। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद 12 महीने की 'डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड' (खामियों के लिए ज़िम्मेदारी की अवधि) भी इस काम का हिस्सा है।
अनुबंध की अनुमानित राशि (रू. लाख में)	रू. 2461.93 लाख (जी.एस.ट

MARUTI SUZUKI

NEXA

THE STUNNING NEW
BALENO
DARE TO GO GLAM

FRONT VENTILATED SEATS

*ADAS LEVEL 2

6 AIRBAGS

TYRE PRESSURE MONITORING SYSTEM

NEXA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT
TO A SHOWROOM NEAR YOU.

Creative visualisation. Accessories and features may vary across the vehicle variants. *ADAS features are for driver assistance only, the driver is responsible for safe and attentive driving.

जैकेट के शेष

सूर्यकिरण नहीं, इस ....

विशेष रूप से देखने का अवसर मिलेगा। वहीं, आकाशगंगा पैराशूट टीम के जवान आसमान से छलांग लगाकर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। राज्योत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाला यह हवाई प्रदर्शन प्रदेशवासियों के लिए खास आकर्षण बन सकता है। नया रायपुर में राज्योत्सव के आयोजन को भव्य बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

सफर महंगा, बस ....

बाद प्रति किलोमीटर 3.20 रुपये किराया लगेगा। वहीं, गैर-एसी डीलक्स स्लीपर और सेमी-स्लीपर बसों में पहले 5 किलोमीटर के बाद प्रति किलोमीटर 2.20 रुपये की दर लागू होगी।

इन यात्रियों को ....

बसों में यात्रा के दौरान लागू होगी। दोनों पैरों से दिव्यांग व्यक्तियों और एचआईवी/एड्स से पीड़ित यात्रियों के लिए अधिसूचना में निर्धारित सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी फोटोयुक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की शर्त रखी गई है।

सड़क हादसे में ....

परिवार कार से छत्तीसगढ़ से टाटानगर की ओर जा रहा था। कुदापी डाउन के समीप उनकी गाड़ी सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और तीन लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गई। हादसा झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदापी डाउन के पास मंगलवार को हुआ।

छत्तीसगढ़ में पुलिस ....

नोटिस के अनुसार, यह मुख्य परीक्षा पहले 24, 25 और 26 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाली थी। लेकिन 25 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती परीक्षा की तारीख टकराने के कारण मुख्यमंत्री के निर्देश और आयोग के फैसले से इसे आगे बढ़ाकर 2, 3 और 4 नवंबर 2026 तय किया गया था। अब 13 अक्टूबर 2026 को आयोग ने एक बार फिर आधिकारिक अधिसूचना जारी मुख्य परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है।

308 पदों पर होगी भर्ती : छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जा रही सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा के अंतर्गत कुल 308 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस भर्ती का विज्ञापन 23 अक्टूबर 2024 को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया था। इसके ऑनलाइन आवेदन 23 अक्टूबर से 21 नवंबर 2024 तक लिए गए थे। तत्पश्चात दिसंबर 2024 में इसके फॉर्म दोबारा भी भरे गए थे। उप निरीक्षक के 275 पद, सूबेदार के 19 पद, प्लाटून कमांडर के 14 पद इसमें शामिल है।

इधर... साक्षात्कार ....

प्रारंभ होने के कुछ दिन पहले ही इसे स्थगित किया गया था। इंटरव्यू की तैयारी कर रहे कैंडिडेट्स भी इसे लेकर असमंजस में हैं।

प्रथम पेज के शेष

तीन दिनों में मां बम्लाई के...

भी सप्तमी पर विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके अलावा 19 अक्टूबर को अष्टमी पूजन के बाद 20 अक्टूबर को नवमी और ज्योत विसर्जन किया जाना है। ज्ञात हो कि इस बार भी डोंगरगढ़ में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों के साथ ही महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश जैसे राज्यों से भी भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। उल्लेखनीय है कि हर साल की तरह ही इस बार भी माई के दरबार को फूल और फल से सजाया गया है। सजावट के लिए पश्चिम बंगाल के कोलकाता सहित प्रदेश के बिलासपुर के कारीगरों को बुलाया गया था। मंदिर ट्रस्ट द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मां के दर्शन के लिए रोजाना 50 हजार से एक लाख लोग डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। आम दिनों में महज दस घंटे चलने वाला रोप-वे का संचालन भी नवरात्र में लगभग दोगुना कर दिया जाता है। मंदिर ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार नवरात्र में सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक रोप-वे का संचालन किया जा रहा है। जबकि आम दिनों में ये सुबह 8 से शाम 6 बजे तक ही होता है। नवरात्र के दौरान लगभग छह हजार लोग रोजाना रोप-वे के सहारे दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

मंदिर में 15 लाख का शेर : मंदिर में मां के दरबार के सामने 15 लाख रुपए की लागत से तैयार 1.5 क्विंटल वजनी पीतल के शेर की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। नासिक के श्रद्धालु नंदेश मुरलीधर येंडे ने अपनी माता इंदुमति येंडे की स्मृति में इसे मंदिर ट्रस्ट को दान किया है। लगभग चार फीट ऊंची यह प्रतिमा छोटी बम्लेश्वरी मंदिर के गर्भगृह के सामने विराजमान होगी। इस बार छोटी बम्लेश्वरी मंदिर को खास अंबर थीम के तहत सुनहरी और केसरिया रोशनी से सजाया जाएगा।

माता सिंहवाहिनी की प्रतिमा...

की पूजा के लिए खुलते थे, लेकिन आज यही मंदिर चैत्र और शारदीय नवरात्र में श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। पुरातत्ववेत्ता जेआर भगत ने इस प्रतिमा को देखने के बात बताया था कि यह मूर्ति कम से कम 600 साल से अधिक पुरानी है। मां सिंहवाहिनी की प्रतिमा को कांकेर लाने को लेकर स्थानीय स्तर पर कई मान्यताएं प्रचलित हैं। इनमें सबसे चर्चित मान्यता राजा भोगदेव को आए दिव्य स्वप्न से जुड़ी है। कहा जाता है कि राजा को स्वप्न में देवी ने दर्शन देकर ओडिशा के कालाहांडी क्षेत्र की आमपानी घाटी के जमीन के भीतर दबी अपनी प्रतिमा के बारे में बताया था। इसके बाद राजा ने उस स्थान पर खुदाई करवाकर प्रतिमा निकलवाई और उसे कांकेर लाने की व्यवस्था की। इतिहासकार और स्थानीय जानकार यह मानते हैं कि राजा भोगदेव इस मूर्ति को 19 वीं शताब्दी के मध्य (1876 से कुछ दशक पहले) या उससे भी प्राचीन काल में कांकेर लेकर आए थे। राजा भोगदेव जब इस मूर्ति को उड़ीसा की आमपाणि घाटी से स्वप्न के बाद खोदकर लाए, तो इसे तुरंत सार्वजनिक मंदिर में स्थापित नहीं किया गया था। चमत्कारी और तांत्रिक प्रभावों की मान्यताओं के कारण इसे लंबे समय तक राजमहल परिसर के भीतर अत्यंत सुरक्षित तरीके से गुप्त रूप से रखा गया था। लोककथाओं में यह भी बताया जाता है कि प्रतिमा को दुर्गम पहाड़ी रास्तों और घने जंगलों से होते हुए हाथी तथा बैलगाड़ी जैसे पारंपरिक साधनों की मदद से कांकेर लाया गया था।

दशहरे पर खुलते थे कपाट : एक समय ऐसा था, जब मां सिंहवाहिनी मंदिर में केवल दशहरे के दिन राजपरिवार के सदस्य पूजा-अर्चना करते थे। साल के बाकी दिनों में मंदिर के कपाट बंद रहते थे। 1984 में मंदिर को आम श्रद्धालुओं के लिए सार्वजनिक किया गया। इसी वर्ष से नवरात्र के दौरान यहां ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने की परंपरा भी शुरू हुई। बताया जाता है कि पहले वर्ष केवल एक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया था। धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती गई और अब यहां बड़ी संख्या में ज्योति कलश स्थापित किए जाते हैं।

राहुल ने दी चुनौती...

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास '5 सुनहरी बाग रोड' पर आयोजित चाय पार्टी के बाद विपक्षी नेताओं ने निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला तथा यह आरोप भी लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रभावित हुई है। राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी गठबंधन पूरी तरह एकजुट है और उसके संघर्ष का एकमात्र उद्देश्य देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल करना है।

शाह गरजे, कहा-...

हार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का परिणाम बताया जाएगा। उन्होंने गुजरात से लेकर राजस्थान और त्रिपुरा तक के चुनावी नतीजों का जिक्र करते हुए भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की जीत का दावा किया। शाह ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने 32 सीटों पर चुनाव लड़ा और सभी 32 सीटों पर उसकी जमानत जब्त हो गई। उन्होंने दावा किया कि गुजरात के मतदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मजबूती से खड़े हैं। शाह के मुताबिक, गांधीनगर नगरपालिका में भाजपा के वोट प्रतिशत में 10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गुजरात में आखिरी बार 1985 में जीती थी और अब 41 साल बाद भी यहां जीत नहीं पाई है।

पेज एक के शेष

बड़ी तैयारीः सड़कों ....

निर्माण परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और सार्वजनिक परिसंपत्तियों के नियमित रखरखाव की प्रभावी व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया। मंत्रालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार 'अंजोर विजन 2047' के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। इसके लिए आधुनिक, मजबूत और टिकाऊ अधोसंरचना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना पर होने वाला खर्च केवल निर्माण नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य में निवेश है। इसलिए परियोजनाओं का चयन उनके आर्थिक और सामाजिक प्रभाव को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मुख्य सचिव विकासशील तथा मुख्यमंत्री सचिवालय, वित्त, लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बजट से निर्माण तक तय होगी समय-सीमा : मुख्यमंत्री ने कहा, किसी परियोजना के लिए बजट का प्रावधान हो जाना ही पर्याप्त नहीं है। योजना तैयार करने, बजट आवंटन, प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति, निविदा, कार्यादेश और निर्माण पूरा करने तक प्रत्येक चरण की समय-सीमा निर्धारित की जाए।

दो और चार लेन सड़कों की जरूरत का होगा आकलन : प्रदेश के सड़क नेटवर्क के विकास पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने यातायात की मौजूदा स्थिति, बढ़ती आबादी, औद्योगिक गतिविधियों और नए आर्थिक केंद्रों की जरूरतों का आकलन करने के निर्देश दिए।

निर्माण के साथ रखरखाव पर भी रहेगा जोर : मुख्यमंत्री ने कहा, सड़कों, भवनों और अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों के रखरखाव की योजना निर्माण के समय ही तैयार की जानी चाहिए। नियमित निरीक्षण और समयबद्ध मरम्मत से छोटी खराबियों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। **विभागों के बीच समन्वय से होगा संसाधनों का बेहतर उपयोग** : मुख्यमंत्री ने कहा, अधोसंरचना विकास से जुड़े विभागों को अलग-अलग काम करने के बजाय साझा विकास दृष्टि के साथ आगे बढ़ना चाहिए। बेहतर समन्वय से कार्यों की अनावश्यक पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी और वित्तीय संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग होगा। उन्होंने कहा, विकास की सफलता केवल सड़क की लंबाई या निर्मित भवनों की संख्या से नहीं, बल्कि नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं, आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि और रोजगार के अवसरों से आंकी जानी चाहिए।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृष आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

मिथुन आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

कर्क परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

कन्या क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

तुला स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

धनु मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

मकर आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

कुंभ खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

मीन कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

साइबर अटैक, 500 दुकानों का खाना खराब

फ्रांस में हैकर्स ने सुपर मार्केट में 50 डिग्री तक पहुंचा दिया फ्रिज का तापमान

एजेंसी ▶▶| पेरिस

फ्रांस में साइबर अटैक का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया, जिसमें हैकर्स ने फ्रिज को हथियार बनाते हुए सुपरमार्केट के रेफ्रिजरेशन सिस्टम को निशाना बनाया है। रिपोर्टों के मुताबिक, कुछ फ्रिज और फ्रीजर का तापमान बढ़कर 50 डिग्री सेल्सियस यानी 122 डिग्री फारेनहाइट तक पहुंचा दिया गया। इससे खाने-पीने की चीजों को सुरक्षित रखने वाले सिस्टम प्रभावित हुए और कई स्टोर में सामान खराब हुआ और वहीं कुछ जगहों से आग लगने के मामले भी सामने आए। इस घटना ने इंटरनेट से जुड़े डिवाइस और मशीनों की साइबर सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



इन सुपरमार्केट चेन के स्टोर प्रभावित

इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांस में इंटरमार्शे, कैरेफोर और कोऑपरेटिव यू जैसी सुपरमार्केट चेन के स्टोर प्रभावित हुए। कुछ रिपोर्ट्स में सैकड़ों स्टोर तक असर पहुंचने की बात कही गई है। शुरुआती जांच में डेनमार्क की कंपनी डैनफॉस के रेफ्रिजरेशन मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ी संभावित सुरक्षा खामी का जिक्र हुआ है। हालांकि, हमले के पीछे कौन था और सभी प्रभावित सिस्टम तक पहुंच कैसे बनाई गई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

ऐसे फ्रिज का तापमान बढ़ाया

बड़े सुपरमार्केट्स में सैकड़ों फ्रिज और फ्रीजर होते हैं। इनका तापमान कंट्रोल करने और निगरानी के लिए डिजिटल कंट्रोल सिस्टम इस्तेमाल किए जाते हैं। इनकी मदद से कर्मचारी एक ही जगह से कई मशीनों की स्थिति देख सकते हैं और जरूरत पड़ने पर उनकी सेटिंग बदल सकते हैं। यह सुविधा काम आसान बनाती है, लेकिन सिस्टम की सुरक्षा कमजोर होने पर ऐसा अटैक हो सकता है। अगर कोई अटैकर कंट्रोल सॉफ्टवेयर या नेटवर्क तक पहुंच जाए, तो वह मशीनों को हैक कर सकता है। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले में फोर्स्ड डिफ्रॉस्ट यानी जबरन बर्फ पिघलाने वाले फीचर का इस्तेमाल किया गया। फ्रिज और फ्रीजर के इवैपोरेटर पर बर्फ जमने पर उसे हटाने के लिए डिफ्रॉस्ट साइकल चलाया जाता है। यह सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन इसे गलत तरीके से चलाने या जरूरत से ज्यादा समय तक एक्टिव रखने पर कूलिंग प्रभावित हो सकती है। रिपोर्ट में कुछ मशीनों का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने और करीब छह घंटे तक यही स्थिति बने रहने का जिक्र है। हालांकि, सभी स्टोर्स में हमले का तरीका एक जैसा था या नहीं, यह साफ नहीं है।

चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से मिली छूट, केंद्र और चुनाव आयोग से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों को उनके आधिकारिक कामकाज के लिए कानूनी कार्रवाई से मिली व्यापक छूट का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत ने इस छूट को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और भारतीय निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया। अदालत के इस कदम से चुनाव आयुक्तों को मिली कानूनी सुरक्षा और उनकी जवाबदेही से जुड़े सवाल फिर चर्चा में आ गए हैं। याचिका में कहा गया है कि इस तरह की व्यापक छूट संवैधानिक पदों पर बैठे अधिकारियों को सामान्य कानूनी प्रक्रिया से बाहर कर सकती है।

■ सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती



सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा। यह याचिका मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यकाल से जुड़े 2023 के कानून की धारा 16 को चुनौती देती है। मामले की अगली सुनवाई दो नवंबर को होने की संभावना है। इस विवाद का केंद्र वह प्रावधान है, जो पद पर रह चुके या वर्तमान में कार्यरत मुख्य चुनाव आयुक्तों और चुनाव आयुक्तों को आधिकारिक कर्तव्य निभाते समय किए गए काम, कार्रवाई या कही गई बातों के लिए दीवानी और आपराधिक मुकदमों से सुरक्षा देता है। पांच अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट ने एक अलग याचिका पर केंद्र सरकार, निर्वाचन आयोग और तीनों चुनाव आयुक्तों को नोटिस जारी किया था।

धारा 16 में क्या प्रावधान है?

इस धारा के अनुसार, कोई भी अदालत ऐसे व्यक्ति के खिलाफ दीवानी या आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं कर सकती और न ही जारी रख सकती, जो मुख्य चुनाव आयुक्त या चुनाव आयुक्त है अथवा रह चुका है। यह सुरक्षा उन कामों, कार्यों या बयानों पर लागू होती है, जो उसने अपने आधिकारिक कर्तव्य या जिम्मेदारी निभाते समय किए हों या जिन्हें आधिकारिक कर्तव्य निभाने के तौर पर किया गया हो। इस प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका में इसी व्यापक सुरक्षा पर सवाल उठाया गया है। क्या यह छूट संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ है? एडीआर का तर्क है कि धारा 16 संविधान के अनुच्छेद 14 और 19 का उल्लंघन करती है। याचिका के मुताबिक, इतनी व्यापक कानूनी सुरक्षा मिलने से जवाबदेही कमजोर हो सकती है और कथित मनमानी या भ्रष्टाचार के मामलों की न्यायिक जांच में बाधा आ सकती है। हालांकि, ये याचिकाकर्ता के आरोप और दलीलें हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अभी इन पर अंतिम फैसला नहीं दिया है।

पूर्व तट रेलवे

सूचना सं. : eT-Central-RGDA-14-2026
दिनांक : 05.10.2026

कार्य का नाम : रायगड़ा मण्डल के सहायक मण्डल इंजीनियर/रायगड़ा के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कर्मचारियों के क्वार्टर्स की मरम्मत, जिसमें टाइल्स फ्लोरिंग और दीवारों पर टाइल्स बिछाना, क्षतिग्रस्त दरवाजों और खिड़कियों को बदलना, क्षतिग्रस्त दीवारों की प्लास्टरिंग और पुट्टी कार्य, छत के रिसाव को रोकने के लिए APP Sheet लगाना, क्वार्टर्स के अंदर और बाहर पेंटिंग, दरवाजों और खिड़कियों की पेंटिंग, आगे का शेड लगाना, सामने सीसी फ्लोरिंग, प्लिंथ प्रोटेक्शन, पाथवे (रास्ता) निर्माण, फॉल्स सीलिंग लगाना, क्षतिग्रस्त PVC पानी की टंकी और जल आपूर्ति पाइपलाइन को CPVC पाइप से बदलना तथा अन्य विविध कार्य ।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 2,32,43,048.53, **EMD :** ₹ 4,64,900/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने ।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 29.10.2026 को 1500 बजे ।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (केन्द्रीय), रायगड़ा
PR- 494/R/26-27

राजनाथ सिंह ने की चेक गणराज्य के प्रथम उप-प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यूक्रेन से लेकर पश्चिम-एशिया संकट के चुनौतीपूर्ण समय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को चेक गणराज्य के प्रथम उप-प्रधानमंत्री और उद्योग, व्यापार मंत्री कारेल हैवलिकेक के साथ राष्ट्रीय राजधानी में एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक की है। इस दौरान हुई वार्ता में दोनों ने रक्षा उद्योग के क्षेत्र में आपसी सहयोग को पहले की तुलना में और अधिक प्रगाढ़ बनाने तथा इससे जुड़े समूचे परिदृश्य की व्यापक रूप से समीक्षा की। रक्षा मंत्रालय ने बताया, हैवलिकेक भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। जिसके तहत ही उनकी रक्षा मंत्री के साथ यह मुलाकात हुई है। इसके अलावा वह केंद्र सरकार के कई अन्य मंत्रालयों, व्यापारियों से भी बातचीत कर रहे हैं। नई दिल्ली के साथ-साथ हैवलिकेक अपनी यात्रा के आगामी पड़ावों में मुंबई और बेंगलुरु भी जाएंगे। दोनों शीर्ष मंत्रियों ने अपनी इस बैठक में शांति और सुरक्षा के मामलों पर भी मंथन किया। जिसमें खासतौर पर इलाके में स्थिरता को बनाए रखने के लिए सहयोग को बढ़ाने पर सहमति जताई गई है। दोनों ने एकजुटता के साथ दोहराया कि भारत, चेक रिपब्लिक की साझेदारी कुछ साझा मूल्यों पर आधारित है। जिसमें ऐतिहासिक-सांस्कृतिक संबंधों के अलावा आपसी भरोसा और सम्मान शामिल है। मंत्रालय ने कहा, मेक-इन-इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए भारत-चेक गणराज्य संयुक्त रक्षा समिति के माध्यम से इस बाबत जारी सहयोग को और अधिक बढ़ाने पर अपनी रजामंदी प्रदान की है।

■ रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने, रक्षा-सुरक्षा के मामले पर की चर्चा



पाकिस्तान में ट्रेन पटरी से उतरी, 6 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मंगलवार सुबह कराची से पेशावर जा रही रहमान बाबा एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हुए हैं। ट्रेन सुबह करीब 5:15 बजे शेर शाह इलाके में पटरी से उतरी। रेस्क्यू अधिकारियों के मुताबिक, 13 डिब्बों को हादसे वाली जगह से हटा दिया गया है। पाकिस्तान में रेल हादसों का सिलसिला पुराना है।

रायपुर विकास प्राधिकरण
भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़)

आम सूचना

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना सरोना, रायपुरा, हीरापुर के अन्तर्गत वित्त 16-17 वर्षो में किश्त जमा नहीं करने के कारण अधिक राशि बकाया हो जाने के कारण अंतिम नोटिस देकर राशि जमा कराने हेतु सूचित किया गया था।

रायपुर विकास प्राधिकरण के संचालक मण्डल के निर्णय उपरान्त हितग्राहियों को 04 माह के भीतर समस्त बकाया राशि का भुगतान करना होगा। उक्त हितग्राहियों को जो कि माह सितंबर, अक्टूबर 2026 में मासिक किश्तों में 25-25 प्रतिशत का भुगतान करेंगे उन हितग्राहियों को नवंबर माह के बकाया राशि के सरचार्ज में छूट देने के संबंध में विचारणीय होगा।

अतः डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना सरोना, रायपुरा, हीरापुर के सभी हितग्राही, जल्द से जल्द मासिक किश्तों का भुगतान कर प्राधिकरण के निर्णय का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। किश्त जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2026 तक है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक 3836/न.पा.नि. / लोनिवि / 26-27 अम्बिकापुर दिनांक 13/10/2026

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (प्रथम/द्वितीय) :-

मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनान्तर्गत कम्पनी बाजार में वेडिंग जोन निर्माण, जोन क्रमांक 03 में भवन, नाली एवं अन्य निर्माण / मरम्मत संधारण, 15 वें वित्त आयोग अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 34, 38 एवं 39 में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण के कार्य हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा तथा निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न जोनों में स्थित विद्यालयों में शौचालय (डीएमएफ) निर्माण कार्यों हेतु (System Tender No. 201434, 201444, 201436, 201455, 201460, 201463 & 201465) **हेतु प्रथम ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।**

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
अम्बिकापुर

कार्यालय, नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र./483/लो.नि.शा./न.पा.प./2026 अमलेश्वर, दिनांक 13/10/2026

// ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग छ.ग. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रोक्योरमेंट निविदा फॉर्म "ए" में एसओआर प्रतिशत दर पर संबंधित (Realated As per PHED USOR 01/06/2020 & AMENDMENT NO- 07/2022, Related P.W.D Building and E/M SOR 10-06-2026/ Road SOR 15/06/2026 As amended यथा संशोधित सहित) आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम टेंडर नंबर	कार्य का विवरण (15वें वित्त आयोग)	अनु. लागत (रूपये लाख में)	बिड डालने की अंतिम तिथि
01	201653	वार्ड क्रं. 07 पानी टंकी से वार्ड कं. 06 स्कूल तक पाईप लाईन विस्तार कार्य।	15.92	05/11/2026
02	201654	बाजार परिसर अमलेश्वर में पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य। (फुटपाथ)	9.56	
03	201655	कार्यालय परिसर अमलेश्वर में फुटपाथ पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य एवं वार्ड कं. 18 में मेन रोड से कार्यालय परिसर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	11.01	

टीप :- उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग के वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट uad.cg.gov.in से एवं ऑनलाईन निविदा http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड कर देखी जा सकती है।

"अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें" "जल ही जीवन है"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमलेश्वर

शब्द पहेली - 6377



■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

बाएँ से दाएं→
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

ऊपर से नीचे ↓
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10

चित्रकोट, मैनपाट, सिरपुर, राजिम और हसदेव बांगो सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों में विकसित होंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। राज्य का प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध जनजातीय संस्कृति, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहर और धार्मिक आस्था के केंद्र हमारी विशिष्ट पहचान हैं। इन खूबियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन



मानचित्र पर प्रभावी रूप से स्थापित करते हुए पर्यटन को स था नी य अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय विकास का मजबूत आधार बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज महानदी भवन मंत्रालय में पर्यटन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पर्यटन का विकास केवल किसी स्थान के सौंदर्यीकरण या अधोसंरचना निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसका सीधा लाभ स्थानीय लोगों को मिलना चाहिए। पर्यटन स्थलों के आसपास रहने वाले युवाओं, महिलाओं, हस्तशिल्पियों, कलाकारों और छोटे व्यवसायियों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर पैदा हों।

चार प्रमुख और 15 मिनी पर्यटन सर्किट होंगे विकसित : प्रदेश के अलग-अलग पर्यटन स्थलों को एक-दूसरे से जोड़कर पर्यटकों को बेहतर और विविध अनुभव उपलब्ध कराने के लिए मिशन के अंतर्गत चार प्रमुख पर्यटन सर्किट और 15 मिनी पर्यटन सर्किट विकसित करने की योजना है। प्रमुख पर्यटन मार्गों पर लगभग 15 से 20 वे-साइड सुविधाएं तथा करीब 500 पर्यटन संकेतक स्थापित किए जाएंगे। इससे पर्यटकों को पर्यटन स्थलों तक पहुंचने और अपनी यात्रा को सुविधाजनक तरीके से नियोजित करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन सर्किट तैयार करते समय प्राकृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक और जनजातीय पर्यटन स्थलों को इस तरह जोड़ा जाए कि पर्यटक एक ही यात्रा में छत्तीसगढ़ की विविधता का व्यापक अनुभव प्राप्त कर सकें।



500 करोड़ रुपए की मिशन निधि प्रस्तावित

बैठक में पर्यटन विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा तैयार मिशन के अंतर्गत पर्यटन विकास के लिए 500 करोड़ रुपए की मूल मिशन निधि प्रस्तावित की गई है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी), कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर), केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और विभागीय अभिसरण के माध्यम से 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जुटाने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

प्रमुख पर्यटन स्थलों का होगा कायाकल्प

मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन के अंतर्गत प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। प्रथम चरण में चित्रकोट जलप्रपात, मैनपाट, सिरपुर, हसदेव बांगो जलाशय और राजिम को उच्च प्रभाव वाले पर्यटन गंतव्यों के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके साथ ही मायाली-बगीचा, चंपारण, सतरेंगा, तीरथगढ़, देवरानी-जेठानी, कबीर चबूतरा, केंदई, महामाया और चिल्फी घाटी सहित अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों में भी सुविधाओं के विस्तार की कार्ययोजना प्रस्तावित है।

मासूम को थप्पड़ मारने वाला शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम भेंडरी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में गणित का सवाल हल नहीं कर पाने पर तीसरी कक्षा की आठ वर्षीय छात्रा को थप्पड़ मारने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार चंद्राकर ने शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी को निलंबित कर दिया है। जांच समिति की रिपोर्ट में छात्रा को थप्पड़ मारने का आरोप सही पाया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय देवभोग निर्धारित किया गया है। मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद जिला शिक्षा



अधिकारी ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। जांच समिति में शामिल प्राचार्य अजीत सिंह जाट राजिम प्राचार्य वर्षा नेताम धुमा एवं प्राचार्य एमएल कंवर बेलटुकरी ग्राम भेंडरी स्थित प्राथमिक शाला पहुंची और मामले की पड़ताल की। समिति ने कक्षा तीसरी की पीड़ित छात्रा, उसके पिता तथा ग्रामीणों के बयान दर्ज किए थे।

दंतेवाड़ा की महिला किसान कंपनी को मिला राष्ट्रीय जैविक प्रमाणपत्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य जैविक प्रमाणीकरण समिति ने बस्तर के दंतेवाड़ा जिले की माँ दंतेश्वरी महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड को भारत सरकार के राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत जैविक प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में हुई यह उपलब्धि राज्य की अपनी तरह की पहली पहल है। दंतेवाड़ा जिले की माँ दंतेश्वरी महिला किसान उत्पादक कंपनी द्वारा एकत्रित इमली, महुआ और आम जैसे पारंपरिक वनोपजों को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जैविक प्रमाणीकरण मिला है। वर्तमान में कंपनी से 930 महिलाएँ जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों से आय बढ़ाने का बड़ा अवसर लेकर आया है।

उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति

(माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 18 .08 .2026 के आदेश द्वारा रिट याचिका (आपराधिक) संख्या 280/2026 और संबंधित मामलों में गठित)

शिक्षा सदन, 17 राउज एवेन्यू, नई दिल्ली

सार्वजनिक सूचना

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दिनांक **18 अगस्त 2026** के अपने आदेश द्वारा रिट याचिका (आपराधिक) संख्या 280/2026 और संबंधित मामलों में पांच सदस्यीय **उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति (एचपीईसी)** का गठन किया है, जो जुलाई 2026 के दौरान दिल्ली के जंतर-मंतर और दिल्ली के बाहर के स्थानों पर हुई हिंसा की घटनाओं के सभी पहलुओं की जांच करेगी, जिसमें उनसे उत्पन्न व्यापक मुद्दे भी शामिल हैं।

एचपीईसी माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 18 अगस्त 2026 के आदेश के अनुच्छेद 12 और 13 में सूचीबद्ध सभी मुद्दों की जांच करेगा, जिसमें **अनुच्छेद 12(i), 12(vi), 12(vii) और 13(iii)** में उल्लिखित मुद्दों के साथ-साथ माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 10 सितंबर 2026 को पारित आदेश के **अनुच्छेद 5(i)** में उल्लिखित मुद्दे को प्राथमिकता दी जाएगी।

इन मुद्दों में अन्य बातों के अलावा, **पेलेट गन का उपयोग, लक्षित हिंसा और महिला प्रदर्शनकारियों का उत्पीड़न, तथा दोनों पक्षों द्वारा की गई अत्यधिक हिंसा और संपत्ति का विनाश शामिल हैं।**

18 अगस्त 2026 एवं 10 सितंबर 2026 के आदेशों की प्रतियां, जिनमें एचपीईसी की संरचना और समिति को सौंपे गए मुद्दे, जिनमें प्राथमिकता वाले मुद्दे भी शामिल हैं, एचपीईसी पोर्टल http://hpec.nic.in/supreme-court-orders. पर उपलब्ध हैं।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने रिट याचिका के पक्षकारों को एचपीईसी से संपर्क करने और एचपीईसी द्वारा अपने अध्यक्ष के माध्यम से तय किए गए तरीके से प्रासंगिक सामग्री, दस्तावेजी साक्ष्य और सुझाव प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता दी है।

माननीय न्यायालय ने **शिकायतकर्ताओं और गवाहों की पहचान की सुरक्षा के लिए शिकायतों, अभ्यावेदनों और अन्य प्रासंगिक सामग्री को गुमनाम रूप से प्रस्तुत करने की भी** अनुमति दी है। इसके अलावा, 10 सितंबर 2026 के अपने आदेश में, माननीय न्यायालय ने एचपीईसी को संवेदनशील गवाहों को उचित सुरक्षा प्रदान करने और उनकी पहचान को गोपनीय और अघोषित रखने का निर्देश दिया है। माननीय न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि **एचपीईसी के समक्ष ऐसे संवेदनशील गवाहों द्वारा दिए गए बयानों और प्रस्तुत साक्ष्यों के संबंध में पूरी गोपनीयता बनाए रखी जाए।**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में, एवं संवेदनशील गवाहों के हितों की रक्षा करने तथा साक्ष्य प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के उद्देश्य से, प्रभावित व्यक्तियों और अन्य संबंधित हितधारकों द्वारा दी गई जानकारी के लिए, एचपीईसी ने एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है, जिसे http://hpec.nic.in पर देखा जा सकता है।

संबंधित व्यक्तियों, गवाहों और अन्य हितधारकों की सुविधा के लिए, एचपीईसी ने सूचना और सामग्री प्रस्तुत करने के लिए प्रारूप भी निर्धारित किए हैं।

तदनुसार, **प्रभावित व्यक्ति, गवाह और अन्य संबंधित हितधारक एचपीईसी पोर्टल पर जाकर व जहां भी लागू हो, उपयुक्त प्रारूप का चयन करके अपनी शिकायतें, अभ्यावेदन, बयान, दस्तावेज एवं** अन्य प्रासंगिक साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त के अलावा, कोई भी व्यक्ति जो 18 अगस्त 2026 और 10 सितंबर 2026 के आदेशों के तहत एचपीईसी को संदर्भित मुद्दों से संबंधित जानकारी प्रदान करना चाहता है, वह भी उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से ऐसी जानकारी प्रस्तुत कर सकता है। जो लोग शिकायतें, अभ्यावेदन और अन्य प्रासंगिक सामग्री भौतिक रूप से प्रस्तुत करना चाहते हैं, वे एचपीईसी के कार्यालय, शिक्षा सदन, 17, राउज़ एवेन्यू इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली 110002 में सभी कार्य दिवसों में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे के बीच ऐसा कर सकते हैं। उपरोक्त पते पर डाक द्वारा या hpec2026.enquiry@nic.in पर ईमेल द्वारा भी आवेदन भेजे जा सकते हैं।

सभी प्रकार की प्रतिक्रियाएँ/आवेदन बिना किसी देरी के किए जा सकते हैं।

सदस्य सचिव
उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति
नई दिल्ली

CBC 19101/11/0016/2627

खबर संक्षेप

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 31 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में सितंबर में 38,306 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया जो पिछले महीने के



29,329 करोड़ रुपये की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ने और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की लगातार बिकवाली के बावजूद निवेशकों ने मझोली एवं छोटी कंपनियों के शेयरों पर केंद्रित योजनाओं में पैसा लगाना जारी रखा।

आईजीएक्स को आईपीओ के लिए सेबी की हरी झंडी

नई दिल्ली। देश के पहले ऑनलाइन डिलिवरी आधारित प्राकृतिक गैस कारोबार मंच इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड (आईजीएक्स) को सोमवार को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है। नियामक के एक अद्यतन विवरण से यह जानकारी दी गई है।

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, रुपए के उतार-चढ़ाव पर होगी नजर

बाहरी कारणों से रुपए में आई गिरावट, आरबीआई जारी रखेगा उतार-चढ़ाव रोकने के प्रयास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि पिछले डेढ़ साल में रुपये के मूल्य में बाहरी कारकों के चलते काफी गिरावट आई है और घरेलू मुद्रा में अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपने प्रयास जारी रखेगा। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया निचले स्तर पर पहुंच गया है।

- वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले निचले स्तर पर

हालांकि, विदेशी मुद्रा भंडार सहित भारत के व्यापक आर्थिक बुनियादी कारक मजबूत हैं और आरबीआई घरेलू मुद्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठा रहा है। उन्होंने यहां 'ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम 2026' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''मुझे भरोसा है कि आरबीआई रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने के लिए

खास बातें

- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सहित आर्थिक बुनियाद काफी मजबूत
- आरबीआई घरेलू मुद्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए कदम उठा रहा



बजट की तैयारी शुरू हो चुकी है

प्रतिभूति बाजार में करों के बारे में पूछे जाने पर सीतारमण ने कहा कि प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर में बदलाव को लेकर चर्चा होना अच्छा है और वह इस संबंध में दिए जा रहे सुझावों को गंभीरता से सुनेंगी। उन्होंने कहा, ''हम बजट के काफी करीब हैं और इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। मेरे लिए यह बताने का सबसे अच्छा समय नहीं है कि मैं किन प्रस्तावों पर विचार करूंगी और किन पर नहीं।''

बजट अगले वर्ष 1 अप्रैल से होगा शुरू

वित्त मंत्री ने कहा कि दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर ऐसा विषय है जिस पर कई लोग अपनी राय रख रहे हैं। भारत और विदेश में निवेशकों के साथ हुई बातचीत में भी यह मुद्दा उठा है। उन्होंने कहा, ''इस विषय पर चर्चा होना अच्छी बात है और मैं इन विचारों को गंभीरता से सुनूंगी।'' वित्त वर्ष 2027-28 का केंद्रीय बजट अगले साल एक फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है।

रुपया अपना स्तर खुद ही तय करें

रुपये में गिरावट के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा कि आरबीआई अपने उपायों के जरिये रुपये के मूल्य का कोई निश्चित स्तर तय करने के बजाय उसमें अत्यधिक उतार-चढ़ाव रोकने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, ''आरबीआई के ये प्रयास जारी रहेंगे। हालांकि, उसका उद्देश्य रुपये का मूल्य तय करना नहीं है। हम चाहेंगे कि रुपया अपना स्तर खुद ही तय करे।'' रुपये में गिरावट थामने के लिए रिजर्व बैंक ने सप्ताहांत में कई उपायों की घोषणा की थी।

रुपए के खिलाफ सट्टेबाजी पर अंकुश के लिए सख्त नियम

केंद्रीय बैंक ने पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लिए एक विशेष सुविधा बनाने की घोषणा की, जिससे डॉलर की उनकी मांग हाजिर बाजार से हट सकेगी। इसके अलावा, रुपये के खिलाफ सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव कारोबार के नियम सख्त किए गए हैं। सीतारमण ने कहा कि आरबीआई के हालिया उपायों से रुपये को समर्थन मिला है।

देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा

सोमवार को रुपये के मूल्य में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि मंगलवार को शुरुआती कारोबार में यह मजबूत होकर 94.96 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि भारत के आर्थिक बुनियादी कारक मजबूत हैं और देश के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार है। रुपये में पिछले डेढ़ साल के दौरान काफी गिरावट आई है, जिसकी मुख्य वजह बाहरी चुनौतियां हैं।

भारतीय रेलवे की माल ढुलाई सितंबर में 6.14 प्रतिशत बढ़ी

ढुलाई सितंबर में 13.53 करोड़ टन रही



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने सितंबर, 2026 में 13.53 करोड़ टन माल की ढुलाई की, जो पिछले वर्ष सितंबर में दर्ज 12.75 करोड़ टन से 6.14 प्रतिशत अधिक है। रेलवे बोर्ड ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रेलवे बोर्ड ने जारी बयान में कहा कि माह के दौरान खाद्यान्न की ढुलाई में 25 प्रतिशत, 'क्लिंकर' में 20 प्रतिशत, घरेलू कंटेनर में 10 प्रतिशत और कोयले की ढुलाई में नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई। बिजलीघरों को घरेलू कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए बोर्ड ने कहा कि सितंबर, 2026 में प्रतिदिन औसतन 443 कोयला रैक की आपूर्ति की गई, जबकि सितंबर, 2025 में यह आंकड़ा 397 रैक प्रतिदिन था।

- खाद्यान्न की ढुलाई में 25 फीसदी की वृद्धि

इस तरह इसमें 11.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रेलवे बोर्ड ने कहा, ''सितंबर, 2026 में माल ढुलाई से होने वाली आय सितंबर, 2025 के मुकाबले 1,266 करोड़ रुपये बढ़ गई, जो 9.3 प्रतिशत की वृद्धि है।''

माल ढुलाई से आय में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि

बयान में कहा गया कि भारतीय रेलवे ने अप्रैल से सितंबर, 2026 के दौरान कुल 83.37 करोड़ टन माल की ढुलाई की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 4.1 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में माल ढुलाई से होने वाली आय में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

जिंदल स्टील बनी रायगढ़ हॉकी टीम 'चक्रधर चैंपियंस' की फ्रेंचाइजी मालिक

रायपुर। जिंदल स्टील ने छत्तीसगढ़ हॉकी लीग (सीएचएल) के पहले संस्करण में रायगढ़ की टीम 'चक्रधर चैंपियंस' की फ्रेंचाइजी का स्वामित्व हासिल किया है। यह लीग में भाग लेने वाली छह फ्रेंचाइजी में से एक है। प्रतियोगिता का आयोजन 21 अक्टूबर से 1 नवंबर तक रायपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं खेल तथा युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने आज



फ्रेंचाइजी की आधिकारिक घोषणा की और टीम की जर्सी का अनावरण किया। इस लीग में अपनी भागीदारी के माध्यम से जिंदल स्टील का उद्देश्य युवा हॉकी खिलाड़ियों को अपनी क्षमता और प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना तथा प्रदेश की उभरती खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। इस साझेदारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिंदल स्टील लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक देबज्योति रॉय ने कहा, "हम प्रदेश में हॉकी को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हैं। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का हिस्सा बनकर हमें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। 'चक्रधर चैंपियंस' के माध्यम से हम युवा खिलाड़ियों को एक सशक्त प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करने की उम्मीद करते हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

अग्रवाल पैकर्स को ढाई लाख से अधिक मुआवजा देने का निर्देश

मुंबई। मुंबई की एक उपभोक्ता अदालत ने अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स को सामान स्थानांतरित करते समय हुए नुकसान की भरपाई के लिए दंपति को 2.30 लाख रुपये से अधिक का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (दक्षिण मुंबई) ने पिछले महीने पारित अपने आदेश में कहा कि सामान की पैकिंग तथा उसे वाहन में चढ़ाते व उतारते समय सावधानी रखना कंपनी की कानूनी जिम्मेदारी है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् तिल्दा नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 780 / लो.नि.वि./ न.पा./ 2026-27 तिल्दा नेवरा दिनांक 12/10/2026

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

क्र.	कार्य का विवरण	सिस्टम टेंडर नं.	निविदा राशि (लाख में)	अमानत राशि (रूपये में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
01	सरोरा मेन रोड 300 एम.एम. डॉया राईजींग पाईप लाईन विस्तार कार्य ।	201414	167.02	126000.00	अंतिम तिथि 31/10/2026 फिजिकल जमा तिथि 03/11/2026 समय शाम 5.00 बजे बिड खोले जाने की तिथि 04/11/2026

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा

राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि, स्टारलिंक को अनुमति न दे सरकार: एसजेएम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने मंगलवार को केंद्र सरकार से भारत में एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को वाणिज्यिक उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाएं शुरू करने की अनुमति नहीं देने का आग्रह किया।

- सरकार के खिलाफ की गई टिप्पणी को गैर जिम्मेदाराना बताया

मंच ने मस्क की उद्योगपति मुकेश अंबानी और परोक्ष रूप से सरकार के खिलाफ की गई टिप्पणियों को ''गैर-जिम्मेदाराना'' बताया। एसजेएम के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने कहा कि यदि स्टारलिंक भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान नहीं करती है, तो सरकार उसे लाइसेंस देने से इनकार कर सकती है। मंच ने आरोप लगाया कि मस्क नियामकीय शर्तों से निराश होकर या सरकार पर जन दबाव बनाकर लाइसेंस हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। महाजन ने कहा कि स्टारलिंक की उपग्रह के बीच लेजर संपर्क तकनीक से भारतीय इंटरनेट ट्रैफिक के देश के बाहर स्थित बुनियादी ढांचे से गुजरने की आशंका है, जिससे कानूनी निगरानी मुश्किल हो सकती है। महाजन ने यह भी आशंका जताई कि उपग्रह इंटरनेट का इस्तेमाल शत्रुतापूर्ण तत्व, तस्कर और उग्रवादी समूह कर सकते हैं। मस्क ने शनिवार को मीडिया खबरों के स्क्रीनशॉट साझा किए थे, जिनमें आरोप लगाया गया था कि रिलायंस से जुड़ी कंपनियों ने भाजपा के सोशल मीडिया अभियानों को बढ़ावा देने और उसे राजनीतिक चंदा देने में भूमिका निभाई। इससे पहले उन्होंने अंबानी को 'प्रधानमंत्री अंबानी' कहकर संबोधित किया था और उन पर एकाधिकार बचाने का आरोप लगाया था। रिलायंस ने इन आरोपों पर सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया नहीं दी है। महाजन ने कहा कि स्टारलिंक को लाइसेंस नहीं मिलने का मतलब यह नहीं है कि भारत उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध नहीं करा सकेगा।



स्वदेशी सेवाएं काफी सस्ती

महाजन ने दावा किया कि स्वदेशी सेवाएं राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए स्टारलिंक से काफी सस्ती हो सकती हैं और दूरदराज के इलाकों तक किफायती इंटरनेट पहुंचाने में मदद कर सकती हैं।

एलआईसी के पेंशन, स्वास्थ्य व कैंसर से जुड़े बीमा प्लान लांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी ने मंगलवार को तीन नए बीमा प्लान- 'न्यू जीवन धारा-2, हेल्थ शील्ड और कैंसर कवर' पेश किए। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने एक बयान में कहा कि 'न्यू जीवन धारा-2' एक गैर-भागीदारी, गैर-संबद्ध व्यक्तिगत बचत प्लान है, जिसमें पॉलिसी की शर्तों के अनुरूप सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन के रूप में गारंटीशुदा आय मिलती है। वहीं, 'हेल्थ शील्ड' प्लान पूरे परिवार को व्यापक स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा देता है। इसमें पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान प्रीमियम की दरें सुनिश्चित रहेंगी। योजना के तहत अस्पताल में भर्ती होने पर प्रतिदिन एक निश्चित नकद राशि मिलेगी। इसके अलावा, बड़ी सर्जरी और गंभीर बीमारियों की स्थिति में एकमुश्त राशि देने का भी प्रावधान है। एलआईसी ने कहा कि 'कैंसर कवर' प्लान के तहत कैंसर की निर्धारित शुरुआती और गंभीर अवस्था का पता चलने पर निश्चित वित्तीय लाभ दिया जाएगा।

रुपया 40 पैसे मजबूत होकर 95.38 प्रति डॉलर

मुंबई। रुपये में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 40 पैसे मजबूत होकर 95.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हाजिर बाजार में डॉलर की मांग घटाने और विदेशी मुद्रा बाजार में अत्यधिक कारोबार को नियंत्रित करने के मकसद से उठाए गए विभिन्न कदमों से रुपये को समर्थन मिला।

बिजनेस साइट

अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट में डॉ. देबा दुलाल बिस्वाल नियुक्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के कैंसर मरीजों को आधुनिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट, रायपुर ने महत्वपूर्ण पहल की है। बीसीआर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थित संस्थान ने कैंसर विशेषज्ञ डॉ. देबा दुलाल बिस्वाल को मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग में सीनियर कंसल्टेंट नियुक्त किया है। उनके जुड़ने से कैंसर के विभिन्न प्रकारों से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श और आधुनिक उपचार सुविधाओं का लाभ मिलने की उम्मीद है। डॉ. बिस्वाल ने एमबीबीएस, एमडी (जनरल मेडिसिन) और डीएनबी (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) की डिग्रियां प्राप्त की हैं। इसके अलावा उन्हें क्लिनिकल हेमेटोलॉजी में फेलोशिप और प्रतिष्ठित संस्थान एसीटीआरईसी से बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) की ऑब्जर्वरशिप का अनुभव भी है। कई तरह के कैंसर के इलाज में विशेषज्ञता- डॉ. बिस्वाल सॉलिड ट्यूमर के उपचार और जटिल मामलों के प्रबंधन में विशेषज्ञता रखते हैं। इनमें स्तन कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर, जेनिटोरिनरी कैंसर और स्त्री रोग संबंधी कैंसर शामिल हैं। इसके साथ ही वे ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और मल्टीपल मायलोमा जैसी रक्त संबंधी गंभीर बीमारियों के उपचार में भी विशेषज्ञता रखते हैं।



- कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और टारगेटेड थेरेपी से करेंगे इलाज

JHAIGO Cream ॐ क्वक्कौलध
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?
वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट: खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



गिल रिकॉर्ड पांचवीं बार चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ, शेफाली भी सम्मानित

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को आईसीसी ने रिकॉर्ड पांचवीं बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जबकि सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को एशिया कप और एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिये महिला वर्ग में यह सम्मान मिला। शुभमन ने वेस्टइंडीज की कप्तान हाले मैथ्यूज की बराबरी कर ली, जो पांच बार यह सम्मान पा चुकी हैं।

शुभमन को इससे पहले जनवरी और सितंबर 2023 और फरवरी और जुलाई 2025 में चुना गया था। शुभमन ने कहा,' पांचवीं बार आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना अच्छा लग रहा है। मैं इस सम्मान के लिये पैनल को धन्यवाद देता हूं।' गिल ने दूसरे मैच में 133 गेंद में 223 रन बनाए थे, जिसके दम पर भारत ने 406 रन का लक्ष्य 39 गेंद बाकी रहते हासिल करके 8 विकेट से जीत दर्ज की थी।



शेफाली ने एशिया कप में बनाए सर्वाधिक रन

शेफाली ने पिछले साल नवंबर में विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विजयी पारी खेलने के बाद यह पुरस्कार जीता था। उन्होंने महिला एशिया कप में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाए। एशियाई खेलों में बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने नाबाद 100 और श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 48 रन बनाए थे।

जीत में योगदान देना अच्छा : शेफाली

शेफाली ने कहा,' यह पुरस्कार फिर हासिल करना सम्मान की बात है। एशिया कप और एशियाई खेलों में खिताबी जीत में योगदान देना अच्छा रहा, जिससे यह जीत और खास हो गई।'



आईसीसी रैंकिंग : 790 अंक के साथ शीर्ष पर स्मृति

दुबई। स्मृति मंधाना ने आईसीसी वनडे महिला बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान कायम रखा है जबकि आस्ट्रेलिया की एलिसे पैरी ताजा रैंकिंग में शीर्ष दस में लौटी। हाल ही में हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तान बनाई गई मंधाना 790 अंक के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर है। हरमनप्रीत नौवें स्थान पर है। वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे नौवें स्थान पर खिसक गई। महिला टी20 रैंकिंग में शेफाली वर्मा चौथे, मंधाना पांचवें और हरमनप्रीत दसवें स्थान पर है। महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीचरणी और दीप्ति शीर्ष दो में हैं। हरफनमौलाओं की रैंकिंग में दीप्ति शीर्ष दस में अकेली भारतीय हैं और चौथे स्थान पर है। वनडे हरफनमौलाओं की रैंकिंग में वह छठे स्थान पर है। टी20 और वनडे टीम रैंकिंग में भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर है।

खबर संक्षेप



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम इंडिया का ऐलान

नई दिल्ली। पंजाब में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है लेकिन गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक की वापसी हुई है। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एशियाई खेलों और विश्व कप से बाहर रहे पाठक ने वापसी की है जबकि युवा डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा और मिडफील्डर आदित्य अर्जुन लालागे भी टीम में हैं। मिडफील्डर विष्णु कांत सिंह और फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह 18 सदस्यीय टीम में दो रिजर्व खिलाड़ी हैं। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिए पंजाब में दो दशक बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी हो रही है । इसके मुकाबले जालंधर और मोहाली में खेले जाएंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेलेंगे डिसिल्वा



कोलंबो। श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें कुसल मेंडिस कप्तान होंगे जबकि पूर्व कप्तान धनंजय डिसिल्वा भी टीम में होंगे। श्रीलंका की टी20 और वनडे टीमों की कप्तानी कर चुके 31 वर्ष के मेंडिस कुछ दिन पहले डिसिल्वा की जगह कप्तान बने । 35 वर्ष के डिसिल्वा ने नई पीढी के मौका देने के लिए कप्तानी छोड़ दी थी। पाथुम निसांका को भी टीम में जगह दी गई है बशर्ते वह पहले टेस्ट से पूर्व पूरी तरह से फिट हो जाएं। श्रीलंका टीम नौ नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला के लिये पाकिस्तान जाएगी। मैच रावलपिंडी और लाहौर में होंगे। श्रीलंका इस समय विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकतालिका में सातवें और पाकिस्तान आखिरी स्थान पर है।

डोपिंग उल्लंघन में निलंबित हुए कोच यूनुस खान



नई दिल्ली। भारत के जाने-माने एथलेटिक्स कोच मोहम्मद यूनुस खान को डोपिंग नियमों के कथित उल्लंघन में शामिल होने के आरोप में अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। खान ने लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह को उनके शुरुआती करियर में प्रशिक्षण दिया था। पुणे स्थित प्रतिष्ठित सेना खेल संस्थान (एएसआई) में मध्यम और लंबी दूरी के धावकों को प्रशिक्षण देने वाले खान पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अपने नियमों के अनुच्छेद 2.9 के तहत आरोप लगाया है।

चौथा टी20 आज, पलटवार की कोशिश करेगा वेस्टइंडीज

सीरीज सील करने उतरेगी भारतीय टीम, पावर हिटर्स पर होगी नजर

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को चौथे टी20 मैच में इसी लय को बरकरार रखते हुए शानदार जीत के साथ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेंगे। भारत इस समय 2-1 से आगे है और उसे श्रृंखला अपने नाम करने के लिए बस एक जीत की जरुरत है।

वहीं पिछले मैच में करारी हार के बाद वेस्टइंडीज वापसी करके श्रृंखला में बने रहने की कोशिश में होगा। एक बार फिर मैच का रूख दोनों टीमों के 'पावर हिटर्स' पर निर्भर करेगा। भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे श्रृंखला में अभी तक भारतीय मध्यक्रम पर अधिक दबाव नहीं बना है।



भारतीय गेंदबाजों को करना होगा अनुशासित प्रदर्शन

भारत के गेंदबाजों को अनुशासित प्रदर्शन करना होगा क्योंकि रांची में दूसरे टी20 में जीत के लिए 250 रन का लक्ष्य वेस्टइंडीज ने नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया था, जिसमें होप ने 45 गेंद में 102 रन बनाए थे। इंदौर में शिमरोन हेटमायेर (43) , कामिल पूरन (42) और स्प्रिंगर (नाबाद 35) ने अच्छी पारियां खेली। अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की मदद से भारत ने हालांकि मुकाबला जीता। भारत ने इस मैदान पर पिछली बार टी20 मैच बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में खेला था जब 6 विकेट पर 297 रन बनाकर 133 रन से जीत दर्ज की थी। सैमसन ने उस मैच में 43 गेंद में 111 रन बनाए थे और वह एक बार फिर यहां यादगार पारी खेलना चाहेंगे। मैच का समयः शाम 7:00 बजे

दोनों टीमों के सामने चुनौती

शीर्ष तीन के नाकाम रहने पर तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी और नमन धीर को जिम्मेदारी संभालनी होगी खासकर जब लक्ष्य बड़ा हो। दूसरी ओर वेस्टइंडीज के लिए चुनौती भारतीय रनगति पर अंकुश लगाने की होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले टी20 में शतक लगाया था जबकि दूसरे मैच में सैमसन और ईशान ने बड़ी पारियां खेली हालांकि यह मैच वेस्टइंडीज ने जीता। तीसरे मैच में अभिषेक का दबदबा रहा। वेस्टइंडीज के हरफनमौला शामार स्प्रिंगर ने स्वीकार किया था कि अभिषेक के फॉर्म में होने पर उनकी टीम के पास रक्षात्मक खेलने क अलावा कोई चारा नहीं रह जाता।

वेस्टइंडीज को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड ने अभी तक 189 के स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए हैं। उन्होंने तीन मैचों में 12 छक्के जड़े हैं। कप्तान शाइ होप ने 182 की स्ट्राइक रेट से 159 रन बनाए हैं। विश्व चैंपियन भारत को उसकी धरती पर हराने के लिए हालांकि वेस्टइंडीज को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

रणजी ट्रॉफी

हैदराबाद का शानदार आगाज त्रिपुरा को पारी से हराया



एजेंसी ▶▶| सिकंदराबाद

हैदराबाद ने एलीट ग्रुप बी मुकाबले के तीसरे दिन त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी 2026-27 में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

तेज गेंदबाज तनय त्यागराजन और मोहम्मद सिराज ने मिलकर 8 विकेट चटकाए, जिससे हैदराबाद ने दूसरी पारी में त्रिपुरा को 120 रन पर समेट दिया। त्रिपुरा ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 99 रन बनाए थे।

हैदराबाद को इस जीत से बोनस अंक सहित कुल सात अंक मिले। त्यागराजन ने 52 रन देकर 6 विकेट चटकाते हुए त्रिपुरा की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी जबकि भारत के तेज गेंदबाज सिराज ने 9 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

मुंबई ने चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराया

मुंबई। मुंबई ने एलीट ग्रुप डी मुकाबले में चंडीगढ़ को पारी और 155 रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मुंबई ने 3 दिन के अंदर जीत दर्ज की और बोनस अंक भी हासिल किया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई के गेंदबाजों ने चंडीगढ़ की दूसरी पारी में भी शानदार प्रदर्शन किया। मुंबई ने इससे पहले सोमवार को मैच के दूसरे दिन चंडीगढ़ की पहली पारी महज 78 रन पर समेट कर 351 रन की बढ़त हासिल कर उसे फॉलोऑन दिया। चंडीगढ़ ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट गंवाया था। मुंबई के गेंदबाजों ने मंगलवार को मेहमान टीम की दूसरी पारी 52.1 ओवर में 196 रन पर समेट दी। शम्स मुलानी ने 69 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि तनुष कोटियान ने 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले मुंबई ने अपनी पहली पारी में 429 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। टीम के लिए कप्तान सिद्धेश लाड ने 86, मुशीर खान ने 65 रन, कोटियन ने 58 और मोहित अवस्थी ने नाबाद 56 रन की पारी खेली थी।

डेनमार्क ओपन

दूसरे दौर में पहुंचे श्रीकांत और तन्वी, सिंधू-लक्ष्य बाहर



एजेंसी ▶▶| ओडेन्से

पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए जबकि किदांबी श्रीकांत और तन्वी शर्मा ने अपने-अपने एकल मुकाबलों में कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई। सिंधू को जर्मनी की उनसे कम रैंकिंग वाली यवोन ली के खिलाफ एक घंटे पांच मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 23-25, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल के पहले दौर में लक्ष्य को चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ टिएन चेन ने एक घंटे तीन मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 13-21, 21-15 से हराया।

श्रीकांत ने मर्कल को 46 मिनट में हराया

एक अन्य पुरुष एकल मुकाबले में श्रीकांत ने फ्रांस के अरनॉड मर्कल को 46 मिनट में 22-20, 21-19 से शिकस्त दी। अब उनका सामना इस 9,50,000 अमेरिकी डॉलर इनामी सुपर 750 टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में फ्रांस के सातवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स लेनिएर से होगा। श्रीकांत ने 2017 में यहां खिताब जीता था। महिला एकल में तन्वी को भी जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने एक घंटे 12 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 16-21, 21-19 से जीत हासिल की। अगले दौर में उनका सामना जर्मनी की यवोन ली से होगा।

सीनियर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप

छत्तीसगढ़ ने उत्तराखंड को दी करारी शिकस्त

झांसी। छत्तीसगढ़ ने मंगलवार को हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के चौथे दिन डिवीजन 'बी' के मुकाबले में उत्तराखंड को 12-1 से करारी शिकस्त दी जबकि ओडिशा ने असम को 10-1 से हराया। छत्तीसगढ़ के कप्तान संदीप कुमार ने चार गोल दागे जबकि सोनू निषाद ने हैट्रिक लगाई। तरुण यादव ने 15वें और 54वें मिनट में दो गोल किए। शैलेंद्र वर्मा , शादाब अहमद खान और अर्जुन यादव ने भी गोल दागे। पूल ए के इस मुकाबले में उत्तराखंड की ओर से प्रियंशु ने 32वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम का एकमात्र गोल किया। एक अन्य मुकाबलों में दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव ने तेलंगाना को 2-0 से हराया जबकि गोवा को अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। डिवीजन 'सी' में राजस्थान ने आंध्र प्रदेश को 5-3 से हराया जबकि बिहार ने गुजरात को 7-2 से करारी शिकस्त दी।



कोलकाता में होगा फुटबॉल का रोमांच खेलेंगी बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

स्पेन के सबसे बड़े फुटबॉल क्लबों बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच 25 नवंबर को एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन होगा। पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री इंद्रनील खान ने यह जानकारी दी। यह मैच विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा।

खान ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट के जरिए इस आयोजन की घोषणा की। उन्होंने दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी क्लबों के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों के बीच होने वाले मुकाबले का संकेत देते हुए लिखा, 'एल क्लासिको की तैयारी जारी... बार्सीलोना लीजेंड्स बनाम रियाल मैड्रिड लीजेंड्स... 25 नवंबर, 2026, विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता।'' यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब इस महीने की शुरुआत में इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के दो बड़े अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच आयोजित किए गए थे।



बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने पहली बार हारा मैच

द. अफ्रीका को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने जीता पहला टेस्ट

एजेंसी ▶▶| डरबन

ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका को पहले टेस्ट मैच में 214 रनों से हराया। डरबन के किंग्समीड मैदान पर खेले गए मुकाबले में 421 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की पूरी टीम दूसरी पारी में 206 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

टेस्ट के पांचवें दिन 102/4 के स्कोर से आगे खेलते हुए साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज स्कोरकार्ड में 104 रन जोड़कर आउट हुए। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा 75 रन एडेन मार्करम ने बनाए, जबकि डेविड बेडिंगहैम ने 46 रनों का योगदान दिया। रयान रिकेल्टन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए।



बेहतरीन लय में हेजलवुड

एनरिक नॉर्टजे को आउट करते हुए हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया की जीत पर मुहर लगाई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में जोश हेजलवुड बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका के छह बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। वहीं, मैट रेनशॉ ने दो और मिचेल स्टार्क और कप्तान पैट कमिंस ने एक-एक विकेट झटका।

सिर्फ एक रन पर आउट हुए रेनशॉ

कप्तान टेंबा बावुमा को मैट रेनशॉ ने सिर्फ एक रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। वहीं, ट्रिस्टन स्टब्स भी एक रन ही बना सके। वियान मुल्डर ने शुरुआत अच्छी की, लेकिन वह 29 रन बनाने के बाद जोश हेजलवुड की गेंद पर एलेक्स कैरी को कैच देकर आउट हुए। विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेने भी महज एकर रन बनाकर पवेलियन लौटे। मार्को जानसन टीम के लिए कुछ हद तक संघर्ष करने की कोशिश की, लेकिन वो भी 35 रन बनाने के बाद हेजलवुड की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। साइमन हार्मर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे, तो केशव महाराज एक रन बनाकर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए थे 390 रन

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में मैट रेनशॉ द्वारा खेली गई 190 रनों की लाजवाब पारी के बूते 390 रन बनाए, जिसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 284 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह पहली पारी के आधार पर 106 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरी इनिंग में ऑस्ट्रेलिया ने मैट रेनशॉ की 82 और निक मैडिनसन की 48 रनों की पारी के दम पर 6 विकेट खोकर 314 रन बनाने के बाद पारी को घोषित किया और साउथ अफ्रीका के सामने 421 रनों का लक्ष्य रखा।

लिविंग बिल्डिंग मैटेरियल क्या है, जिससे बनीं ईंटें मंगल ग्रह पर ला सकती हैं 'क्रांति'

वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह पर निर्माण के लिए 'लिविंग' निर्माण सामग्री तैयार की है। इसमें निष्क्रिय रेत को जिलेटिन-आधारित हाइड्रोजेल और इंजीनियर किए गए यीस्ट कोशिकाओं के साथ मिलाया गया है। इस सामग्री को मंगल जैसी स्थितियों में प्रोसेस और प्रिंट किया जा सकता है। ये नतीजे भविष्य के मंगल मिशनों के लिए कम ऊर्जा वाली, दोबारा इस्तेमाल होने योग्य निर्माण सामग्री का एक संभावित रास्ता दिखाते हैं। ऐसे में वैज्ञानिक इसे काफी उम्मीद की नजर से देख रहे हैं। केम सर्कुलैरिटी में प्रकाशित इंजीनियर्ड लिविंग बिल्डिंग मटीरियल फॉर लो-



एनर्जी कंस्ट्रक्शन ऑन मार्स (मंगल पर कम ऊर्जा वाले निर्माण के लिए इंजीनियर की गई जीवित निर्माण सामग्री) शीर्षक वाले शोध के अनुसार, इस सामग्री को मंगल जैसी स्थितियों में प्रोसेस और प्रिंट किया जा सकता है।

कैसे बनेगी मजबूती

इंजीनियर किए गए यीस्ट ने जिलेटिन के साथ मिलकर सामग्री को मजबूत बनाया। सबसे मजबूत फॉर्मूलेशन में इंजीनियर किए गए एससीए-एम स्ट्रेन का उपयोग किया गया और इसमें हाइड्रोसोल में मिलाए गए कुल ठोस पदार्थों का 25% जैविक घटक था। इसने 12 एमपीए की कंप्रेसिव स्ट्रेंथ (दबाव सहने की क्षमता) और 6 एमपीए की फ्लेक्सुरल स्ट्रेंथ (मुड़ने पर सहने की क्षमता) प्रदान की। साथ ही बेंचमार्क हाइड्रोजेल-आधारित कंक्रीट की तुलना में बेहतर मजबूती दी। माइक्रोस्कोपिक विश्लेषण से पता चला कि यीस्ट कोशिकाओं ने छोटे, अधिक एकसमान और बेहतर ढंग से जुड़े हुए छिद्र बनाने में मदद की। एजीए2-डिस्प्ले करने वाले यीस्ट ने भी इस स्ट्रक्चरल सुधार में योगदान दिया। मंगल ग्रह के लिए बनाए गए इस जीवित निर्माण सामग्री को प्रोसेस करने में पारंपरिक 'रेगोलिथ सिंटरिंग' की तुलना में कम ऊर्जा की जरूरत है। इसकी ऊर्जा की जरूरत आम सिंटरिंग तरीकों (जिनमें मिनरल फीडस्टॉक को 1,000C से ज्यादा गर्म किया जाता है) की तुलना में कई गुना कम है।

अंतरिक्ष में चीन का सुपरफास्ट इंटरनेट एक्टिव!

बीजिंग। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के स्टारलिंक को टक्कर देने के लिए चीन ने कमर कस ली है। हाल ही में चीन ने अपने नए सैटेलाइट नेटवर्क ' गुओवांग ' का टेस्ट किया है। चीन के रिसर्चर्स ने पृथ्वी के दो सबसे दूर दराज और बर्फीले कोनों- आर्कटिक और अंटार्कटिका के बीच एक सेकंड से भी कम की देरी में लाइव वीडियो कॉल कनेक्ट कर दिया है।



बर्फीले पहाड़ों के बीच हुआ वीडियो कॉल : चीन के स्टेट ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी के मुताबिक यह टेस्ट सितंबर के आखिर में किया गया था। चीन के तीन बड़े रिसर्च शिप्स जो आर्कटिक में थे, उन्होंने अंटार्कटिका में मौजूद अपने किनिंग स्टेशन के लोगों से सीधा संपर्क साधा। इस दौरान एक लाइव वीडियो कॉल किया गया, जिसमें 1 सेकंड से भी कम का डिले यानी लैग देखने को मिला।

क्या है चीन का गुओवांग प्रोजेक्ट?

चीन की सरकारी कंपनी चाइना सैटेलाइट नेटवर्क ग्रुप इस पूरे प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। इस सैटेलाइट नेटवर्क का नाम ' गुओवांग ' रखा गया है। चीन ने दिसंबर 2024 में इसके सैटेलाइट्स लॉन्च करना शुरू किए थे। फिलहाल अंतरिक्ष में इसके 180 से ज्यादा सैटेलाइट्स घूम रहे हैं। लेकिन, चीन का टारगेट बहुत बड़ा है। चीन का प्लान साल 2035 तक अंतरिक्ष में करीब 12,992 सैटेलाइट्स तैनात करने का है, ताकि पूरी दुनिया में कहीं भी बिना किसी रुकावट के इंटरनेट पहुंचाया जा सके।

एलन मस्क के स्टारलिंक से कितना पीछे है चीन : अभी के समय में एलन मस्क का स्टारलिंक इस मार्केट का निर्विवाद राजा है। स्टारलिंक के पास अंतरिक्ष में लगभग 11,000 सैटेलाइट्स एक्टिव हैं, जबकि चीन के गुओवांग के पास अभी सिर्फ 180 से कुछ ज्यादा ही सैटेलाइट्स हैं। यानी देखा जाए तो चीन अभी मस्क से काफी पीछे है। लेकिन, चीन बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। चीन का टारगेट है कि 2027 के अंत तक वह 400 सैटेलाइट्स और 2029 तक 1,300 सैटेलाइट्स लॉन्च कर देगा, जिससे उसके पूरे देश में बिना रुकावट कवरेज मिल सके।











हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्प्लेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com